उज्जैन
शुक्रवार
02
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-329
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 100 की स्पीड से दौड़ रही स्कार्पियो पोल से टकराई

7 वनडे वर्ल्ड कप 2027 : 2 अक्टूबर से 21 नवंबर तक खेला जाएगा



बाली में नुसरत भरूचा का एक्सीडेंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा का बाली में एक्सीडेंट हो गया। हादसे में उन्हें चोट लगी है। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। ऐसा दावा एनडीटीवी ने अपनी रिपोर्ट में किया है। हालांकि, उनकी चोट कितनी गंभीर है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई। एनडीटीवी की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि नुसरत बाली में एक काम के सिलसिले में गई थीं। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गईं। सूत्रों के मुताबिक, इलाज के चलते नुसरत को बाली में अपना स्टे बढ़ाना पड़ा है। बता दें कि हादसे से करीब एक हफ्ते पहले नुसरत ने सोशल मीडिया पर छुट्टियों की कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। नुसरत के टाइगर श्रॉफ की अगली फिल्म की कास्ट में शामिल होने की भी खबर है। यह टाइगर और नुसरत की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी। एक सूत्र ने पिंकविला को बताया, टीम को ऐसी एक्ट्रेस चाहिए थी, जो कहानी में मजबूती और भावनात्मक गहराई ला सके। नुसरत हमेशा सबसे मजबूत विकल्पों में थीं। फिल्म में पश्मीना रोशन, अभिषेक बनर्जी और एल्विश यादव भी अहम भूमिकाओं में हैं।

देश

- **जगद्गुरु रामभद्राचार्य** पर प्रयागराज में केस, कहा था- ऊंचे ब्राह्मण चौबे-दीक्षित परिवारों में बेटियां नहीं देते, याचिकाकर्ता बोला- बच्चों की शादी नहीं हो रही
- **महात्मा गांधी** की 157वीं जयंती पीएम मोदी ने राजघाट पर श्रद्धांजलि दी, पिछली बार राहुल गांधी नहीं पहुंचे थे
- **भारत का पहला** एआई सैटेलाइट लॉन्च, अंतरिक्ष में ही तस्वीरों का विश्लेषण करेगा; डेटा भेजने का समय-खर्च बचेगा, ऐसी क्षमता वाला दुनिया का चौथा देश
- **भारत** 114 राफेल खरीदेगा, इस साल डील पर फैसला संभव, विमानों में स्वदेशी सिस्टम के इस्तेमाल पर जोर; फ्रांस की कंपनी भारतीय हथियार लगाने को तैयार

विदेश

- **मिडिल ईस्ट** में बढ़ा हवाई खतरा, ईएएसए ने सऊदी अरब और जॉर्डन के एयरस्पेस से बचने के दिए निर्देश
- **नेतन्याहू बोले-** हमलावर पायलट का ब्रेनवॉश हुआ, यहूदी विरोधी था, सहकर्मी बोला- महिलाओं से हाथ नहीं मिलाता था, पकड़े जाने पर चिल्लाया- मुझे मार दो
- **ट्रम्प बोले-** फ्लाईदुबई को-पायलट का ईरान कनेक्शन हो सकता है: ऐसा हुआ तो कड़ी कार्रवाई होगी, यूएई को सौंपा गया भारतीय पायलट पर हमले का आरोपी

व्यापार

- **अडाणी** 3 साल बाद फिर देश के सबसे अमीर, संपत्ति 10.85 लाख करोड़ हुई, अंबानी को पीछे छोड़ा लक्ष्मी मित्तल 12 से नंबर-4 पर
- **एचडीएफसी** बैंक के नए एमडी और सीईओ बने अनूप बागची, आरबीआई ने दी मंजूरी, शशिधर जगदीशन की जगह 27 से कमान संभालेंगे

कार्टून..



सीजेपी आज मुंबई में प्रदर्शन करेगी, ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग, जंतर-मंतर पर फोर्स तैनात

दिल्ली में एसआईआर का विरोध, 11 मेट्रो स्टेशन बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

देश में जारी स्क्रूप्रोसेस के खिलाफ आज दिल्ली में छात्र संगठन प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के लिए एआईएसए (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन), आरजेडी सांसद मनोज झा और वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने लोगों से जंतर-मंतर पर शामिल होने की अपील की है।

जंतर-मंतर पर पुलिस, आरएएफ तैनात किए गए हैं। एहतियात के तौर पर आसपास के 11 मेट्रो स्टेशनों के एंट्री और एग्जिट गेट अगले आदेश तक बंद कर दिए गए हैं। इनमें जनपथ, पटेल चौक, केंद्रीय सचिवालय, राजीव चौक, सेवा तीर्थ, मंडी हाउस और लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन शामिल हैं।

उधर कॉकरोच जनता पार्टी आज शाम 4 बजे से मुंबई के शिवाजी पार्क में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के लिए प्रदर्शन करने वाली है। सीजेपी के कन्वीनर अभिजीत दीपके ने 24 सितंबर को दिल्ली में



प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि ज्ञानेश कुमार इस देश के सबसे बड़े गद्दार हैं। लोगों से वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है। हालांकि, पुलिस ने इस प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी है।

दिल्ली में धारा 163 लागू, प्रदर्शन जुलूस और सभा पर रोक

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले दिल्ली में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की गई। इसके तहत प्रदर्शन, जुलूस या सभा पर रोक रहेगी। एक जगह पर लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

सीजेपी की दिल्ली के जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन की चेतावनी

सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने गुरुवार को मुंबई में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अगर ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते हैं तो अक्टूबर के अंत से दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सीजेपी 6 अक्टूबर को चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन में शामिल नहीं होगी।

आप नेता हिरासत में



एसआईआर प्रोसेस के खिलाफ दिल्ली में लेफ्ट, आप और स्टूडेंट यूनियन ने शुक्रवार को प्रदर्शन बुलाया। आप नेता सौरभ भारद्वाज जैसे ही जंतर-मंतर पहुंचे, उन्हें हिरसत में ले लिया गया।

महाराष्ट्र में दो अलग-अलग घटनाएं

अमरावती में सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत दवेआगर बीच पर डूबने से आठ छात्रों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अमरावती

महाराष्ट्र के अमरावती जिले में समृद्धि हाईवे पर शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से पिकअप वैन को टक्कर मार दी। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, पिकअप में श्रद्धालु देवी दुर्गा की प्रतिमा लेकर जा रहे थे। पिकअप की रफ्तार कम थी और उसके पीछे ट्रॉली लगी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रॉली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया। पुलिस ने ट्रक



ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। सभी घायलों को इलाज के लिए वर्धा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, पिकअप की कम रफ्तार और पीछे लगी ट्रॉली के कारण ट्रक ड्राइवर का अंदाजा चूक गया, जिससे यह हादसा हुआ।

पिकनिक मनाने आए थे

रायगढ़/दिवेआगर। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल दिवेआगर बीच पर एक बड़ा और बेहद दुखद हादसा हो गया। पुणे से पिकनिक मनाने आए कोचिंग इंस्टीट्यूट के 8 छात्र समुद्र की तेज लहरों में बह गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। हादसे की मुख्य वजह समुद्र में अचानक उठे ज्वार-भाटे और पानी की गहराई का सही अंदाजा न होना बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुणे जिले के आलंदी स्थित 'विनर्स एकेडमी' नामक एक प्राइवेट कोचिंग क्लास के 11वीं और 12वीं कक्षा के 42 छात्र पिकनिक मनाने के लिए दिवेआगर बीच आए थे।

थार की स्टेपनी में 7 किलो एम्फेटामाइन

टोल पर बैरिकेड तोड़कर भागे, डेढ़ घंटे पीछा कर इंदौर में पकड़े गए 3 आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में 7 किलो से ज्यादा एम्फेटामाइन जब्त किया है। आरोपी इसे कर्नाटक नंबर की काली महिंद्रा ठार की पिछली तरफ लगी स्टेपनी में छिपाकर ले जा रहे थे। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस और सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स की संयुक्त टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।अधिकारियों को सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति कर्नाटक नंबर की काली थार से साइकोट्रॉपिक पदार्थ एम्फेटामाइन लेकर जा रहे हैं। इसके बाद टीम ने 30 सितंबर की सुबह उज्जैन-देवास टोल प्लाजा, बांगर (मध्य प्रदेश) पर निगरानी शुरू की।

कुछ देर बाद संदिग्ध थार टोल प्लाजा की ओर आती दिखाई दी। अधिकारियों ने वाहन को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने बैरिकेड तोड़ दिया और तेज रफ्तार से भाग निकला। इसके बाद डीआरआई और सीबीए की टीम ने वाहन का पीछा शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे तक पीछा करने के बाद टीम ने वाहन को इंदौर के बिचौली मदार्ना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप के पास रोक लिया।

पूरी तरह तलाशी लेने के लिए वाहन और उसमें सवार तीनों लोगों को डीआरआई के इंदौर कार्यालय लाया गया। डीआरआई कार्यालय में वाहन की विस्तृत तलाशी ली गई। इस दौरान अधिकारियों को पिछली तरफ लगे स्टेपनी टायर के अंदर कुछ छिपाए जाने का संदेह हुआ। स्टेपनी को उतारकर खोलने पर उसके अंदर 21 पैकेट मिले। इनमें सफेद-पीले रंग का क्रिस्टलनुमा पदार्थ भरा हुआ था। एनडीपीएस फील्ड टेस्ट किट से जांच करने पर पदार्थ के एम्फेटामाइन होने की पुष्टि हुई। अधिकारियों ने कुल 7.116 किलो एम्फेटामाइन और तस्करी में इस्तेमाल महिंद्रा थार को जब्त कर लिया। तीनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई के मुताबिक मामले में आगे की जांच जारी है। जांच के दौरान जब्त पदार्थ की सप्लाई और इससे जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

11.94 करोड़ के सट्टेबाजी-गेमिंग फर्जीवाड़े में फंसा हिमांशु सोमवानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के काले कारोबार के जरिए करोड़ों के वारे-न्यारे करने वाले कटनी निवासी हिमांशु सोमवानी को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। फर्जी फर्म बनाकर करीब 11.94 करोड़ रुपये के अवैध वित्तीय लेनदेन में फंसे आरोपी की दूसरी जमानत अर्जी को अदालत ने सिरे से खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति अमित लाहोटी की एकलपीठ ने मामले की संवेदनशीलता, उसमें शामिल बड़ी राशि और विशेष जांच दल (एसआईटी) की जारी गहन जांच को मुख्य आधार बनाते हुए याचिकाकर्ता को किसी भी तरह की राहत देने से साफ मना कर दिया। मामले की परतें तब खुलना शुरू हुईं जब पीड़ित ओम प्रकाश उर्फ ओपी बर्मन ने इस धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। आरोपी हिमांशु ने पीड़ित के आधार कार्ड, पैन कार्ड और तस्वीरों का कथित तौर पर गलत इस्तेमाल कर उसकी बिना जानकारी और सहमति के 'कटनी कंप' नाम से एक फर्जी फर्म खड़ी कर दी। इसी फर्म के नाम से बैंक खाता खुलवाकर अवैध ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से जुटाए गए पैसों का धड़ल्ले से हेरफेर किया जाने लगा।

पंचायत और निकाय के उपचुनाव में इनोवेशन का ट्रायल हुआ, अगले साल इसी पैटर्न से चुनाव

एमपी ने ईवीएम किराए पर देकर कमाए 11 करोड़ रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों की पूरी प्रक्रिया को तकनीक से जोड़ने की दिशा में राज्य निर्वाचन आयोग ने कई नए प्रयोग किए हैं। इस बार आयोग ने सिर्फ मतदान के दिन की निगरानी को डिजिटल नहीं किया, बल्कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से लेकर चुनाव प्रक्रिया शुरू होने, मतदान केंद्र की सुविधाओं की जांच, मतदान प्रतिशत की रिपोर्टिंग, प्रेक्षकों की रिपोर्ट और ईवीएम के रेंडमाइजेशन तक अलग-अलग स्तरों पर सॉफ्टवेयर और मोबाइल एप का इस्तेमाल बढ़ाया है।

इनमें आईईएमएस का एडवांस वर्जन, पोलिंग स्टेशन सर्वे एप, पीठासीन अधिकारी एप, प्रेक्षा एप और एस्ट रेंडमाइजेशन सॉफ्टवेयर प्रमुख हैं। इन तकनीकों का फील्ड इस्तेमाल 29 सितंबर 2026 के नगरीय निकाय और पंचायत उपचुनाव में हुआ।

29 सितंबर को प्रदेश में 3 नगरीय निकाय अध्यक्ष, 26 पार्षद, 7 जिला पंचायत सदस्य, 28 जनपद पंचायत सदस्य, 110 सरपंच और 4090 पंच पदों के लिए उपचुनाव निर्धारित था। मध्यप्रदेश में आईईएमएस पहले से चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा है। आयोग के रिकॉर्ड में 2016 से आईईएमएस के इस्तेमाल के दस्तावेज मिलते हैं। 2018 में नगरीय निकाय चुनाव में मतगणना और परिणाम की घोषणा के लिए आईईएमएस इस्तेमाल करने के निर्देश जारी हुए।

2020-22 में नामांकन, चुनाव की सूचना, मतगणना और परिणाम जैसे अलग-अलग चरण इससे जोड़े गए। अब इसका एडवांस वर्जन तैयार किया गया है। पहले जिला स्तर से डेटा आने के बाद राज्य स्तर पर चुनाव की अगली प्रक्रिया शुरू होती थी। नए मॉडल में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन और चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद आगे की प्रक्रिया को सिस्टम आधारित तरीके से शुरू करने का प्रयास है। यानी जिला स्तर पर बार-बार डेटा भेजने और उसकी मैनुअल मॉनिटरिंग की जरूरत घटेगी। एक चरण पूरा होने के बाद उससे जुड़ा अगला चरण सिस्टम में ट्रिगर किया जा सकेगा।

अमेरिका ने 9000 सैनिकों वाला युद्धपोत मिडिल ईस्ट भेजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन डीसी

अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी और बढ़ा रहा है। करीब 9 हजार सैनिकों के साथ अमेरिका अपना वॉरशिप थियोडोर रूजवेल्ट भी क्षेत्र में भेज रहा है। फिलहाल यूएसएस जॉर्ज डब्ल्यू बुश और वरर जॉर्ज वॉशिंगटन पहले से वहां मौजूद हैं। रूजवेल्ट की तैनाती के बाद से अक्टूबर के आखिर तक मिडिल ईस्ट में तीन अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर हो जाएंगे।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर नए हमलों की चेतावनी दे चुके हैं। उन्होंने 3 नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनाव के बाद ईरान पर हमले की बात की थी। इसके पहले उन्होंने ईरान के सीजफायर प्लान को भी ठुकरा दिया था। अमेरिकी अधिकारी के हवाले से अल-जजीरा ने बताया है कि नवंबर के आखिर तक ईरान के आसपास अमेरिका के 3 युद्धपोत और 2 मरीन यूनिट तैनात हो सकती हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का आदेश देते हैं, तो अमेरिकी सेना इसके लिए तैयार है। टाइम मैगजीन को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने बताया कि उन्होंने ईरान के हालिया सीजफायर प्रस्ताव को ठुकरा दिया। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की पेशकश भी की थी, लेकिन ट्रम्प के मुताबिक यह प्रस्ताव अमेरिका के लिए काफी नहीं था।

सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन की नई परीक्षा

प्रगति 50 में मॉडल शहर बनकर जीरो वेस्ट की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में देश-दुनिया से करोड़ों श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। आस्था के इस महापर्व के दौरान जहां उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ेगी, वहीं शहर के सामने स्वच्छता बनाए रखने की चुनौती भी उतनी ही बड़ी होगी। घाटों पर पूजन सामग्री, भोजन स्थलों से निकलने वाला कचरा, प्लास्टिक अपशिष्ट और अस्थायी बसाहटों से निकलने वाले हजारों टन कचरे के व्यवस्थित प्रबंधन के लिए नगर निगम को अभी से तैयारी करनी होगी।

इसी चुनौती को देखते हुए उज्जैन को केंद्र सरकार की प्रगति 50 पहल में देश के 50 मॉडल शहरों में शामिल किया गया है। इस पहल के तहत शहर को स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में बेहतर मॉडल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। सिंहस्थ 2028 को जीरो वेस्ट इवेंट बनाने की दिशा में काम किया जाएगा, जिसमें कचरे का केवल संग्रहण नहीं बल्कि उसका पृथक्करण, प्रसंस्करण और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण भी शामिल होगा। महापौर मुकेश टटवाल का कहना है कि प्रगति 50 में उज्जैन का चयन शहर के लिए नई जिम्मेदारी है। मॉडल शहर बनने का अर्थ केवल पहचान बढ़ना नहीं है, बल्कि स्वच्छता के निर्धारित मानकों पर लगातार बेहतर प्रदर्शन करना भी है।

शौचालय और गंदे पानी का प्रबंधन भी चुनौती

सिंहस्थ में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। इनके नियमित रखरखाव, पानी की व्यवस्था और अपशिष्ट जल के उचित निस्तारण पर भी विशेष ध्यान देना होगा। आयोजन के बाद भी तैयार की गई व्यवस्थाएं शहर के स्थायी उपयोग में आ सकें, यह भी महत्वपूर्ण होगा। उज्जैन का चयन स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदर्शन, गारबेज फ्री सिटी (जीएफसी) स्टार रेटिंग, घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, एमआरएफ प्लांट, कम्पोस्टिंग और अपशिष्ट प्रसंस्करण की क्षमता के आधार पर किया गया है। 29 सितंबर को केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रगति 50 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उज्जैन से महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। अब उज्जैन के सामने चुनौती कार्ययोजना को जमीन पर उतारने की है। सिंहस्थ के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं के बीच स्वच्छता बनाए रखना और आयोजन के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर स्तर पर बनाए रखना ही इस मॉडल शहर की वास्तविक परीक्षा होगी।



महाकाल श्रृंगार



महाकाल ने धारण किया रजत चंद्र-त्रिशूल और मुकुट, भांग-चंदन और भस्म से हुआ श्रृंगार

अपनेतक

हजार फीट की ऊंचाई पर साहस की मिसाल—स्मित पर देश को गर्व

आसमान की ऊंचाइयों पर जब जिंदगी और मौत के बीच चंद क्षणों का फासला रह गया हो, तब धैर्य, कर्तव्यनिष्ठा और साहस ही सबसे बड़ी ताकत बनते हैं। फ्लाईदुबई की उड़ान में कैप्टन स्मित ने जिस अद्भुत साहस और सूझबूझ का परिचय दिया, वह लंबे समय तक याद किया जाएगा। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने ऐसा कदम उठाया, जिससे विमान में सवार 174 यात्रियों को सुरक्षित बचाने की राह खुली।

कैप्टन स्मित की यह बहादुरी केवल एक पायलट के रूप में उनके कर्तव्य का निर्वहन नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में अदम्य मनोबल और जिम्मेदारी की मिसाल है। उनकी वीरता की चर्चा आज देश-विदेश में हो रही है और भारत के लिए यह गर्व का क्षण है। गुजराती वडनगर नागर ब्राह्मण समाज से जुड़े कैप्टन स्मित के साहस और कर्तव्यनिष्ठा पर पूरे नागर समाज को गर्व है। भावनगर से जुड़े उनके परिवार और समाज के लिए यह गौरव का क्षण है कि उनके समाज के एक बेटे ने हजारों फीट की ऊंचाई पर अपने साहस से असंख्य परिवारों को उजड़ने से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ऐसे वीर सपूतों की बहादुरी समाज की नई पीढ़ी को यह संदेश देती है कि विपरीत परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, कर्तव्य के प्रति अडिग रहना ही सच्ची वीरता है।

भगवान हाटकेश्वर महादेव से प्रार्थना है कि कैप्टन स्मित मच्छर को शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करें। वे जल्द स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच लौटें और दीर्घायु, निरोगी एवं सुखमय जीवन व्यतीत करें। उनकी साहसगाथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहे।

परिस्थितियों से भागने नहीं, धर्म और कर्तव्य के साथ डटे रहने की प्रेरणा हैं श्रीकृष्ण

उज्जैन। श्रीकृष्ण का जीवन हमें परिस्थितियों से भागने नहीं, बल्कि उनके बीच धर्म और कर्तव्य के साथ डटे रहने की प्रेरणा देता है। वे केवल पूजनीय नहीं, बल्कि जीवन को समझने की एक सम्पूर्ण दृष्टि हैं। यह विचार उज्जैन के कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर शर्मा 'सर्वेश गुरुजी' ने देवास के जवाहर नगर स्थित कामिका धाम में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन व्यक्त किए। कथा के दौरान श्रीकृष्ण प्राकट्य का प्रसंग श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रस्तुत किया गया। डॉ. शर्मा ने श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप व उनके जीवन प्रसंगों के जरिए प्रेम, करुणा, साहस, नीति और लोककल्याण का संदेश दिया। प्रसंग के दौरान कथा स्थल पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। 'नंद के आनंद भयो' के जयघोष से पूरा पांडाल गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में भावविभोर हो गए। आयोजन समिति के सदस्य गुरप्रीत ईशर, हेमंत उपाध्याय, हेमंत बिसोरे और अंकित सिंह ने बताया कि कथा में श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व को महज धार्मिक नजरिए से नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन के व्यापक संदर्भ में समझाया जा रहा है।

हृदय रोग परीक्षण एवं सुपर स्पेशलिटी परामर्श शिविर 4 अक्टूबर को

उज्जैन। नीलगंगा चौराहा स्थित लोकमान्य तिलक विद्यालय परिसर में 4 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विशाल सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर लगेगा। शिविर में हृदय रोग के क्षेत्र में 40 हजार से अधिक सफल ऑपरेशन करने वाले विख्यात कार्डियो वैस्कुलर सर्जन डॉ. अनिल जैन के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सक परामर्श देंगे। इसमें एक ही स्थान पर हार्ट, कैंसर, हड्डी, किडनी, डायबिटीज और स्त्री रोगों से जुड़ी समस्याओं का परीक्षण कर परामर्श दिया जाएगा। यह आयोजन एपिक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अहमदाबाद, माधव सेवा न्यास और लोकमान्य टिळक सांस्कृतिक न्यास के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। शिविर में मरीजों को पूर्व पंजीयन के आधार पर ही प्रवेश मिलेगा। शिविर में डॉ. अनिल जैन के साथ कार्डियक सर्जन डॉ. अपूर्व पटेल, डॉ. कुणाल पटेल, डॉ. निकुंज शेखड़ा, फिजिशियन डॉ. राजेंद्र बुखर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पार्थ पारिख, कैंसर सर्जन डॉ. भाविन वडोदरिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चैतसी शाह, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. राज मंडोत और डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. स्मित शाह मरीजों की जांच करेंगे।

2027 के नगरीय चुनाव से पूर्व शहरी सीमाएं और वार्ड बदलने की तैयारी, 31 तक मांगे प्रस्ताव

उज्जैन नगर निगम क्षेत्र में 6 से अधिक वार्ड बढ़ने की संभावना

बढ़ते शहरीकरण से नए क्षेत्र जोड़ने, हटाने और नए निकाय गठन पर भी देना होगी जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

2027 में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव से पहले शहरों की सीमाओं, वार्डों की संख्या और परिसीमन में बदलाव की प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो गई है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 28 सितंबर को प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर नगरीय क्षेत्रों की सीमावृद्धि, वार्डों की संख्या, वार्ड परिसीमन और आरक्षण आरक्षण से संबंधित प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत उज्जैन नगर निगम में बढते शहरीकरण के तहत 6 वार्ड बढने की संभावना बन रही है।

स्थानीय स्तर पर बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए नगरीय निकाय की सीमा बढ़ाने की जरूरत होने पर प्रस्ताव तैयार करने के साथ किसी क्षेत्र को नगरीय सीमा में शामिल या बाहर करने तथा नए नगरीय निकाय के गठन की आवश्यकता संबंधी जानकारी भी मांगी गई है। सभी आवश्यक अभिलेख और जानकारी के साथ स्पष्ट प्रस्ताव 31 अक्टूबर तक आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास को भेजना होगा। इधर जिला शहरी विकास अभिकरण इस जानकारी से अंजान है। उसके प्राधिकृत अधिकारी इसकी जानकारी से अनभिज्ञता जता रहे हैं।



उज्जैन में 6 वार्ड बढ़ने की संभावना-

उज्जैन के बढते शहरी को देखते हुए यहां पूर्व से ही 6 वार्ड बढने की संभावना तो बनी ही हुई है। इसे लेकर वर्ष 2018 में भी प्रस्ताव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजा गया था। जिला शहरी विकास अभिकरण की और से इसके बाद भी जानकारियों की मांग पर प्रस्ताव भेजे गए है। पिछले 8 वर्षों में इसके बाद भी बढते शहरीकरण में कालोनियों का फैलाव होता रहा है। बराबर इंदौर रोड,बडनगर बायपास रोड के साथ ही देवास रोड एवं तराना कानीपुरा रोड के साथ मक्सी रोड एवं आगर रोड के ग्राम पंचायतों तक कालोनियों का फैलाव हुआ है। बडनगर रोड पर भी यही हाल हुए हैं। ऐसे में सामान्य रूप से ही 6 वार्डों के बढने की प्रारंभिक स्थिति ही सामने है। इसके उपरांत बढते शहरीकरण को संज्ञान में लेकर अगर सर्वे के आधार पर कार्रवाई होती है तो वैसे 10-12 नए वार्ड की स्थिति बनना तय है।आसपास की कई ग्राम पंचायतों को उज्जैन नगर निगम में शामिल करने की स्थिति निर्मित हो चुकी है।

क्षेत्र को शामिल करने और हटाने को लेकर बनेगें प्रस्ताव

शासन के आदेश में मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 और मध्यप्रदेश नगरपालिका निगम अधिनियम 1956 की संबंधित धाराओं का उल्लेख किया गया है। इसमें नगरीय क्षेत्र की सीमाओं के भीतर किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र को शामिल करने या अपवर्जित करने के प्रावधानों के तहत प्रस्ताव तैयार करने की बात कही गई है। साथ ही नगरपालिका और नगर निगमों में वार्डों की संख्या तथा क्षेत्र के निर्धारण और वार्डों के परिसीमन से संबंधित प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि स्थानीय स्तर पर बढ़ते शहरीकरण के फलस्वरूप यदि किसी नगरीय निकाय की सीमावृद्धि की आवश्यकता महसूस होती है तो प्रस्ताव तैयार किया जाए। इसी तरह किसी क्षेत्र को नगरीय निकाय की सीमा में शामिल करने या बाहर करने अथवा नए नगरीय निकाय के गठन की आवश्यकता होने पर उससे संबंधित आवश्यक अभिलेख और जानकारी भी प्रस्ताव में शामिल करना होंगे।

बदलेगी प्रक्रिया से तस्वीर-

शासन के इस निर्देश से आगामी नगरीय चुनाव के पहले निकायों की मौजूदा सीमा और वार्ड संरचना की समीक्षा की प्रक्रिया शुरू होगी। हालांकि अभी उज्जैन नगर निगम की सीमा बढ़ाने, किसी क्षेत्र को शामिल करने या वार्डों की संख्या बदलने का प्रस्ताव तय नहीं हुआ है। यह प्रक्रिया कलेक्टर स्तर से प्रस्ताव तैयार होने के बाद आगे बढ़ेगी। प्रस्तावों में में सीमावृद्धि के साथ वार्ड परिसीमन और आरक्षण से संबंधित जानकारी भी शामिल की जानी है। इसलिए स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले प्रस्ताव आगामी चुनाव की प्रशासनिक तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होंगे। विभाग ने कलेक्टर को आवश्यक जानकारी और अभिलेख जुटाकर पूर्ण एवं स्पष्ट प्रस्ताव निर्धारित समय-सीमा में भेजने को कहा है। आदेश की प्रतियां राज्य निर्वाचन आयोग, नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त, संभागीय आयुक्तों तथा संबंधित नगरीय निकायों को भी भेजी गई हैं।

मंदिर क्षेत्र से लेकर प्रमुख धार्मिक स्थलों तक बढ़ी चहल-पहल

गांधी जयंती का अवकाश और सप्ताहांत का संयोग, महाकाल में उमड़ा आस्था का सैलाब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर का अवकाश और इसके बाद सप्ताहांत का संयोग होने से महाकाल की नगरी उज्जैन में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। देश के विभिन्न शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन और धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए उज्जैन पहुंच रहे हैं। अक्टूबर के पहले सप्ताह में अवकाश के कारण श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में अधिक रहने की संभावना भी जताई जा रही है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। बाबा महाकाल के दर्शन के साथ श्रद्धालु महाकाल लोक, हरसिद्धि मंदिर, कालभैरव मंदिर, मंगलनाथ, सिद्धवट और रामघाट सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी पहुंच रहे हैं। हाल के दिनों में महाकाल मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही है।

इधर श्राद्धपक्ष चलने के कारण सिद्धवट क्षेत्र में भी देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शिप्रा तट पर पितरों के तर्पण, पिंडदान और अन्य धार्मिक कर्मकांड के लिए श्रद्धालुओं



की आवाजाही लगातार बनी हुई है। सिद्धवट पर श्राद्धपक्ष का आयोजन 10 अक्टूबर तक चलने की जानकारी है। ऐसे में गांधी जयंती के अवकाश और सप्ताहांत के कारण यहां भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है।

श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने का असर शहर के बाजारों, होटल-धर्मशालाओं, भोजनालयों और प्रमुख मार्गों पर भी दिखाई दे रहा है। बाहर से आने वाले श्रद्धालु दर्शन के साथ शहर के अन्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। इसके चलते महाकाल क्षेत्र, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, सराफा, रामघाट और कालभैरव क्षेत्र में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक आवाजाही बनी हुई है। अवकाश और सप्ताहांत के कारण अगले दो दिनों में भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी रहने की संभावना है। ऐसे में यातायात व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना प्रशासन के सामने महत्वपूर्ण चुनौती है। विशेषकर महाकाल मंदिर क्षेत्र में बढ़ती भीड़ के बीच श्रद्धालुओं को सहज और सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराना प्राथमिकता रहेगी।

राष्ट्रीय मल्लखंब स्पर्धा में चमके उज्जैन के खिलाड़ी

वेदांश ने रजत व आरोही ने जीता कांस्य

झांसी में आयोजित अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में दिखाया कौशल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

झांसी में आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय मल्लखंब प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीते हैं। लक्ष्मी व्यायाम मंदिर झांसी द्वारा 27 से 29 सितंबर तक आयोजित इस स्पर्धा में वेदांश कोठार ने दो और आरोही बारोड ने एक पदक हासिल किया।

योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन और शासकीय शालिग्राम तोमर उमावि दौलतगंज के खिलाड़ी वेदांश कोठार ने रोप मल्लखंब की व्यक्तिगत स्पर्धा के साथ ही टीम चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता। वहीं, संस्था की खिलाड़ी आरोही बारोड ने टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष शकुंतला सोलंकी, सचिव व कोच संतोष सोलंकी, उपाध्यक्ष सपना माली, दैनिक अवंतिका के संपादक संदीप मेहता, मुकेश राव बागले, विजय लावरे, रमेश सिहरा और सप्त मेहता सहित अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजेताओं को शुभकामनाएं दी हैं।

आंगनबाड़ी में 'आंगन मिलन सेवा', बच्चों को बांटी पोषण किट

उज्जैन। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने ढांचा भवन स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में बच्चों को पोषण किट और पठन-पाठन सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को खेल-खेल में रोचक तरीके से शिक्षा प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता प्रभारी डॉ. संगीता दुबे, डॉ. रीना अध्वर्यु, एनएसएस प्रभारी डॉ. रायसिंह सोलंकी और राधेश्याम भील विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी डॉ. दिनेश जोशी व डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा ने दी।

आपात स्थिति में मरीजों की जान बचा सकता है सीपीआर

विश्व हृदय दिवस पर माधव विज्ञान महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर, 150 से अधिक लोगों ने कराई निशुल्क जांच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व हृदय दिवस के अवसर पर माधव विज्ञान महाविद्यालय में लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड और अपोलो हॉस्पिटल विजयनगर इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व सेमिनार का आयोजन किया गया। शिविर में 150 से अधिक छात्र-छात्राओं और कॉलेज स्टाफ ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। साथ ही, हार्ट अटैक जैसी आपात स्थिति से निपटने के



लिए लाइफ सेविंग सीपीआर तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया गया।

शिविर के दौरान आयोजित सेमिनार में अपोलो हॉस्पिटल इंदौर के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक नागर और डॉ. शुभाषिनी ने हृदय रोगों और हार्ट अटैक के कारणों व बचाव को लेकर विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि किसी व्यक्ति को अचानक हार्ट अटैक आने पर तुरंत सीपीआर और फर्स्ट एड देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। स्वास्थ्य शिविर में विद्यार्थियों व स्टाफ की शुगर, बीपी, ईसीजी और बीएमडी की निशुल्क जांच की गई।

क्लब सचिव निशिकांत पंड्या ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय सक्सेना और विशिष्ट अतिथि साइंस कॉलेज के प्राचार्य हरीश व्यास थे। कार्यक्रम का सफल संचालन आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. शुचिता चंदोरकर ने किया और आभार प्रोफेसर अनिल पांडे ने माना। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष गौतम साहा, पूर्व रीजन शैलेश सोनी, डॉ. प्रिंस कुशवाह, डॉ. तपेश रॉय, घनश्याम सक्सेना, निखिलेश खरे, आलोक माथुर, लायंस ऑफ उज्जैन के लायन गौतम शर्मा, अपोलो हॉस्पिटल मैनेजर लायन अन्नू शर्मा और नर्सिंग स्टाफ प्रवीण शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

महाकाल मंदिर में पहली बार रोज मिलेगा निःशुल्क प्रसाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रबंध समिति एक विशेष और नई व्यवस्था शुरू करने जा रही है। मंदिर के इतिहास में पहली बार समिति की ओर से प्रतिदिन आम श्रद्धालुओं को निःशुल्क प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस नई व्यवस्था का शुभारंभ शुक्रवार से होने जा रहा है।

मंदिर समिति की उप प्रशासक सिम्मी यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर प्रबंध समिति लगातार श्रद्धालुओं की सुविधाओं में विस्तार और नवाचार कर रही है। इसी कड़ी में अब दर्शनार्थियों को प्रतिदिन प्रसाद उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

रोजगार के अवसर बहुत हैं, बस सही प्रस्तुतीकरण जरूरी - डॉ. रंजना मिश्रा

संस्था प्रतिकल्पा के आयोजन के छठे दिन हुआ लोकल फॉर लोकल कार्यक्रम, आज से सजेगी लोकरंग जत्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रोजगार के तमाम अवसर मौजूद हैं, बस आवश्यकता सही प्रस्तुतीकरण की है। यह बात मध्य प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल की सलाहकार डॉ. रंजना मिश्रा ने अखिल भारतीय संजा लोकोत्सव के छठे दिन कही। प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित इस उत्सव में 'लोकल फॉर लोकल' कार्यक्रम हुआ, जिसमें हस्तशिल्प कलाकारों को रोजगार के नए अवसरों पर सुझाव दिए गए। साथ ही महिलाओं और हस्तशिल्पियों को विकास विभागों की विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया।

यह आयोजन संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली, मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर, मध्य प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड तथा संस्कार भारती के सहयोग से किया जा रहा है।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत उज्जैन के प्रभारी अमित बृजवानी, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा और वरिष्ठ मालवी साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत निदेशक डॉ. पल्लवी किशन, बाटिक प्रिंट कलाकार आसिफ बड़वाला, मांडना चौपाल के सीईओ सिद्धार्थ भागचंदानी और संस्थापक सचिव कुमार किशन ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मयंक शुक्ला ने किया।

समारोह में विशिष्ट कंघी शिल्पकला के लिए छगनलाल बंजारा, मांडना कला के लिए श्यामा बाई, भैरवगढ़ प्रिंट के लिए कमरुन्नीसा बी और गोबर से बनी कलाकृतियों के लिए कृति अग्रवाल का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया। संजा लोकोत्सव के तहत आज सुबह ग्राम जगोटी में यूथ इंगेजमेंट प्रोग्राम में 40 चयनित युवा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर लोककला के माध्यम से नवीन रोजगार के अवसरों पर

रेड क्रॉस ने सरस्वती शिशु मंदिर में 135 विद्यार्थियों और शिक्षकों की निशुल्क हीमोग्लोबिन जांच की

जिला अस्पताल के सहयोग से लगा स्वास्थ्य शिविर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा उज्जैन द्वारा गुरुवार को मारुतिगंज पिपली नाका स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में निशुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल के विशेष सहयोग से सुबह 11 बजे लगाए गए इस स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय के लगभग 135 विद्यार्थियों और शिक्षकों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव अनुराग जैन, उपाध्यक्ष ललित ज्वेल, कोषाध्यक्ष विजेंद्र वर्मा और राजेंद्र झालानी मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष दिलीप जेवर, प्राचार्य प्रतिभा पलसावदीया, प्राचार्य भगवान सिंह ठाकुर, प्रधानाचार्य राधेश्याम शर्मा और हर्षवती शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

उज्जैन
शुक्रवार
02
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

गुरोर्यत्र परीवादो निंदा वापिप्रवर्तते।
कर्णौ तत्र विधातव्यो गन्तव्यं वा ततोऽन्यतः।।
अर्थः जहाँ गुरु की निंदा होती है, वहाँ उसका विरोध करना चाहिए। यदि यह शक्य (संभव) न हो तो कान बंद करके बैठना चाहिए और यदि यह भी शक्य (संभव) न हो तो वहाँ से उठकर दूसरे स्थान पर चले जाना चाहिए।

खबर एक नजर...

चोला मंडल फाइनेंस का एजेंट बनकर धोखाधड़ी

इंदौर। प्रॉपर्टी की कीमत बढ़वाकर 2.05 करोड़ रुपए का लोन मंजूर कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से लाखों रुपए ऐंठने वाले लोन एजेंट को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच ने नवीन ओझा, निवासी तेजाजी नगर को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता की 2023 में मुलाकात एक प्रॉपर्टी ब्रोकर से हुई थी। उसने शिकायतकर्ता की मुलाकात सुरेंद्रनाथ ओझा उर्फ नवीन ओझा से कराई, तब नवीन को चोला मंडल फाइनेंस का बड़ा अधिकारी बताया गया था। व्यापार के लिए लोन की जरूरत होने पर आरोपियों ने शिकायतकर्ता को तिलक नगर मुक्तिधाम के पास एक प्लॉट दिखाया फिर इस प्लॉट पर बड़ा लोन दिलाने की बात कही। आरोपियों ने कंपनी के दूसरे अधिकारियों के साथ मिलकर प्लॉट की फर्जी सर्च और वैल्यूएशन रिपोर्ट तैयार कराई। 20 से 25 लाख रुपए कीमत वाले इस प्लॉट की फर्जी रिपोर्ट के आधार पर शिकायतकर्ता के नाम पर 2 करोड़ 5 लाख रुपए का लोन पास कराया गया। स्टाम्प ड्यूटी के नाम पर 30.75 लाख लोन पास होने के बाद आरोपियों ने स्टाम्प ड्यूटी और आरटीजीएस के नाम पर शिकायतकर्ता से 28 लाख 75 हजार रुपए बैंक खाते में और 2 लाख रुपए नकद लिए। इस तरह उनसे कुल 30 लाख 75 हजार रुपए ले लिए गए।

किडनी में ढाई किलो का कैंसर ट्यूमर फेफड़ों तक पहुंचा

इंदौर। किडनी में मौजूद कैंसर का गठान जब खून की बड़ी नस से होते हुए फेफड़ों तक पहुंच जाए तो ऑपरेशन बेहद जटिल हो जाता है। इंदौर में डॉक्टरों की टीम ने ऐसे ही एक 65 वर्षीय मरीज की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक कर नया जीवन दिया है। दरअसल, मरीज की दायीं किडनी में करीब ढाई किलो वजन की कैंसर की गांठ थी। इसका ट्यूमर आईवीसी (क्ल्लीा१ङ्म१ शील्लं उं५) से होते हुए फेफड़ों की रक्त वाहिका यानी पल्मोनरी आर्टरी तक पहुंच गया था। डॉक्टरों ने किडनी की गांठ के साथ आईवीसी और पल्मोनरी आर्टरी में मौजूद ट्यूमर को भी निकाल दिया। इंदौर निवासी मरीज दिनेश गुप्ता को करीब दो महीने से खांसी, सांस लेने में परेशानी और कमर में दर्द था। उन्होंने सीटी स्कैन और इको कराया। रिपोर्ट में किडनी में बड़ी कैंसर की गांठ के साथ उसका खून नसों तक फैलने का पता चला। इस पर उन्हें 3 सितंबर को केयर सीएचएल हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। मरीज की स्थिति को देखते हुए यूरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ जुल्का और कार्डियक सर्जन डॉ. मनीष पोरवाल की टीम ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन किया।

महिला से 4.16 करोड़ की ठगी, धमकी देने का आरोप

इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच और ईओडब्ल्यू में हुई शिकायत की जांच के बाद शहर के एक बड़े कारोबारी के खिलाफ करोड़ों रुपए की ठगी और रंगदारी का केस दर्ज किया गया है। आरोपी कारोबारी ने संपत्ति विवाद में कोर्ट से राहत और समझौता कराने के नाम पर एक विधवा महिला से करीब 4 करोड़ 16 लाख रुपए अपनी कंपनी के खाते में डलवा लिए और बाद में रकम लौटाने से मुकर गया। क्राइम ब्रांच के अनुसार, 58 वर्षीय मनमीत कौर की शिकायत पर गुरुवार को कारोबारी राजीव धाम, निवासी एबी रोड, और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता मनमीत कौर का अपने जेठ के साथ पारिवारिक संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी राजीव धाम ने पीड़िता को अपनी ऊंची पहुंच का हवाला दिया और कहा कि उसकी पुलिस, न्याय विभाग और प्रशासन में गहरी पैठ है। वह मध्यस्थता कराकर मामला सुलझा देगा। आरोपी के झांसे में आकर पीड़िता ने वर्ष 2015 से 2022 के बीच कुल 4.16 करोड़ रुपए राजीव की एडवरटाइजिंग फर्म के एक बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने केवल 26 लाख रुपए ही वापस किए, जबकि बाकी 3 करोड़ 90 लाख रुपए हड़प लिए। वर्ष 2025 में पीड़िता की सास के निधन के बाद जब मनमीत कौर ने बकाया रकम मांगी, तो राजीव धाम ने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया और उन्हें धमकियां देने लगा।

मंडियों में जनप्रतिनिधियों ने लगाई झाड़ू, किया श्रमदान

इंदौर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ह्यएक दिन, एक घंटा, एक स्थानह्ल अभियान के तहत गुरुवार को नगर निगम ने शहर की विभिन्न सब्जी मंडियों, फ्रूट मंडियों और प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में बड़े स्तर पर श्रमदान और स्वच्छता अभियान चलाया। इसी कड़ी में चोइथराम सब्जी मंडी और फ्रूट मंडी में प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर एवं विधायक मधु वर्मा ने श्रमदान किया। दोनों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान में मंडी के व्यापारिक संगठनों, एसोसिएशन के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने भी सहभागिता की। प्रभारी महापौर राजेंद्र राठौर ने कहा कि जागरूक नागरिकों, सफाईमित्रों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की सहभागिता से इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक दिन, एक घंटा, एक स्थान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ सार्वजनिक और व्यावसायिक क्षेत्रों की सफाई सुनिश्चित की जा रही है।

इंदौर में अवैध होर्डिंग-बैनर पर हाईकोर्ट सख्त, मुख्य सचिव को भी भेजा आदेश

निगम को 4 हफ्ते में शिकायत पर फैसला लेने के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर में सार्वजनिक सड़कों और स्थानों पर बिना अनुमति लगाए जा रहे अवैध होर्डिंग, बैनर, गेट और कटआउट के मामले में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने नगर निगम के संबंधित अधिकारी को याचिकाकर्ता की 29 जुलाई की शिकायत पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने यह भी कहा कि पहले दिए गए आदेश का अधिकारियों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है, जबकि उसका पालन पूरी तरह और उसकी मूल भावना के अनुरूप होना चाहिए।

मामला सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद पांडेय की ओर से दायर याचिका का है। याचिका में मध्य प्रदेश आउटडोर एडवरटाइजमेंट मीडिया रूल्स, 2017 और राज्य सरकार के संबंधित निदेशों को सख्ती से लागू करने की मांग की गई थी। साथ ही सार्वजनिक सड़कों और अन्य स्थानों पर बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग, बैनर, गेट और कटआउट हटाने, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और हटाने का खर्च उन्हीं से वसूलने की मांग की गई थी।



यह है मामला
इंदौर के सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलाद पांडे का मामला शहर में लगे अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के विरोध से जुड़ा है। सितंबर में मरीमाता चौराहे पर अवैध होर्डिंग को लेकर वीडियो बनाते समय पांडे ने आरोप लगाया कि विधायक गोलू शुक्ला के समर्थकों ने उनके साथ मारपीट की, मोबाइल छीना और रिकॉर्डिंग डिवाइस तोड़ दी। इसके बाद पांडे गांधी प्रतिमा परिसर में अनशन पर बैठ गए और अवैध होर्डिंग हटाने के साथ मारपीट मामले में कार्रवाई की मांग की। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एमवाय अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा और उनकी पत्नी संगीता पांडे ने अनशन जारी रखा। बाद में बाणगंगा पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत पर एफआईआर दर्ज की और 24 सितंबर को नगर निगम-प्रशासन के लिखित आश्वासन के बाद पांडे ने 9 दिन का अनशन समाप्त किया था।

याचिका में नागरिक ऐप में शिकायत की सुविधा की भी मांग- याचिकाकर्ता ने नगर निगम के नागरिक शिकायत मोबाइल एप में अवैध होर्डिंग, बैनर और कटआउट की शिकायत के लिए अलग श्रेणी बनाने की मांग भी की थी। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को अवैध विज्ञापन सामग्री के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की गई थी।

पहले भी हो चुका है आदेश- सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि इस मुद्दे पर हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर की डिवीजन बेंच पहले ही ऑउटडोर एडवरटाइजर्स एसोसिएएशन विरुद्ध मप्र शासन और अन्य मामले में 14 जून 2022 को आदेश जारी कर चुकी है। याचिकाकर्ता के एडवोकेट ऋषि आनंद चौकसे का कहना था कि इसके बावजूद अधिकारियों ने अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं की है। इसी को लेकर उन्होंने 29 जुलाई 2026 को संबंधित अधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन दिया था। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार समयबद्ध तरीके से निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद कोर्ट ने याचिका का निराकरण करते हुए संबंधित अधिकारी को अभ्यावेदन पर कानून के अनुसार जल्द से जल्द, प्रमाणित आदेश की प्रति प्राप्त होने के चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए।

कोर्ट ने कहा- पुराने आदेश का पालन होना चाहिए- हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि यह दुखद है कि कोर्ट पहले ही इस संबंध में आदेश पारित कर चुका है, लेकिन संबंधित अधिकारी उसका पालन नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि आदेश का सही अर्थ और उसकी मूल भावना के अनुरूप पालन किया जाना चाहिए। कोर्ट ने राज्य सरकार को भी मामले को देखने के निर्देश दिए और कहा कि इंदौर सहित राज्य के अन्य शहरों में होर्डिंग से पैदा हो रही समस्याओं का जल्द समाधान किया जाना आवश्यक है। आदेश की प्रति राज्य सरकार के वकील को अनुपालन और आगे आवश्यक कार्रवाई के लिए देने के साथ इसे मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव तक भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इंदौर में होने वाले मैच पर साइबर ठगों की नजर

मैच टिकट के नाम पर 25% एडवांस मांग रहे जालसाज, प्रोफाइलों पर क्राइम ब्रांच की नजर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले को लेकर जहां स्टेडियम में तैयारियां तेज हैं, वहीं साइबर ठगों ने मैच के टिकटों को ठगी का जरिया बना लिया है।

सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल और पेज बनाकर लोगों को मैच के टिकट उपलब्ध कराने का झांसा दिया जा रहा है। ठग टिकट देने के नाम पर लोगों से पहले 25 प्रतिशत रकम एडवांस में जमा कराने की मांग कर रहे हैं।

इंदौर क्राइम ब्रांच की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को ऐसी 8 प्रोफाइल की जानकारी मिली है, जिनके जरिए मैच के टिकट बेचने का दावा किया जा रहा था।

क्राइम ब्रांच ने इन प्रोफाइलों को ब्लॉक कराने के लिए मेटा को ई-मेल भेज दिया है। साथ ही सोशल मीडिया पर टिकटों की कालाबाजारी और फर्जी बिक्री से जुड़े अन्य अकाउंट्स की भी लगातार निगरानी की जा रही है।



पुलिस की अपील- टिकट के नाम पर पैसा जमा न करें
क्राइम ब्रांच ने क्रिकेट प्रेमियों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर मैच के टिकट उपलब्ध कराने के नाम पर आने वाले किसी भी विज्ञापन या ऑफर पर भरोसा न करें। अनजान व्यक्ति या प्रोफाइल को एडवांस पेमेंट करने से बचें। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या ऑनलाइन ठगी की जानकारी मिलने पर तत्काल वेबसाइट पर शिकायत करें।

कई प्रोफाइल क्राइम ब्रांच के रडार पर
इंदौर क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मैच के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री पहले ही पूरी हो चुकी है। ऐसे में सोशल मीडिया पर टिकट उपलब्ध होने का दावा करने वाले पेज और प्रोफाइल संदिग्ध हैं। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल लगातार ऐसे अकाउंट्स की निगरानी कर रही है। अभी तक आठ प्रोफाइल की पहचान की जा चुकी है और उन्हें ब्लॉक कराने के लिए मेटा को ई-मेल भेजा जा चुका है। इसके अलावा अन्य संदिग्ध प्रोफाइलों की भी पहचान की जा रही है।

टिकट सोल्ड आउट, फिर भी सोशल मीडिया पर बिक्री का दावा- होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को होने वाले भारत-वेस्टइंडीज टी-20 मुकाबले के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 25 सितंबर को शुरू हुई थी। ऑनलाइन बिक्री शुरू होने के करीब 2 घंटे 20 मिनट में ही टिकट सोल्ड आउट हो गए थे। इसके बाद ऑनलाइन टिकट उपलब्ध नहीं हैं।

इसी का फायदा उठाकर साइबर ठग सोशल मीडिया पर फर्जी टिकट उपलब्ध होने का दावा कर रहे हैं। सोशल मीडिया पेजों पर मोबाइल नंबर देकर लोगों को संपर्क करने के लिए कहा जा रहा है। इसके बाद टिकट उपलब्ध कराने के नाम पर 25 प्रतिशत एडवांस पेमेंट मांगा जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, रकम जमा कराने के बाद ई-मेल के जरिए टिकट जनरेट होने का झांसा देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाने की कोशिश की जा रही है। इस पर नकेल कसने के लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल लगातार काम कर रही है।

बुजुर्गों के कार्यक्रम में नहीं बुलाया

भड़कीं पार्षद पिता ने भी अफसरों को घेरा, बोले- अंजाम बुरा होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

हरसिद्धि कम्युनिटी हॉल में था कार्यक्रम, पार्षद की आपत्ति- वार्ड से बुजुर्गों को ले जा रहे थे, प्रभारी महापौर को बुलाया, उन्हें खबर तक नहीं गुरुवार को वार्ड 59 में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद रूपाली पेंढारकर और स्थानीय विधायक को सूचना न दिए जाने पर विवाद हो गया। कार्यक्रम में वार्ड के बुजुर्गों को ले जाने की जानकारी मिलने पर पार्षद के पिता अरुण पेंढारकर निगम अधिकारियों व कर्मचारियों से उलझ गए। उन्होंने पूछा, किसी को बुलाओगे या नहीं? वार्ड के लोग हमसे पूछ रहे हैं कि कार्यक्रम क्या है और हमें ही इसकी जानकारी नहीं है। बाहर के लोग आकर बुजुर्गों को ले जा रहे हैं, हम उन्हें क्या जवाब दें? इस पर एक कर्मचारी ने उन्हें फालतू बात न करने को कहा, तो पेंढारकर ने जवाब दिया कि वे फालतू बात नहीं कर रहे हैं। इसके बाद मामला और गरमा गया। पार्षद ने भी अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वार्ड के आयोजन में केवल प्रभारी महापौर को सूचना दी गई, जबकि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को अनदेखा किया गया। यह कार्यक्रम हरसिद्धि क्षेत्र स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित था, जिसका रखरखाव सेवा भारती संस्था के पास है। आयोजन का जिम्मा सामाजिक न्याय विभाग का था, लेकिन शहरी सीमा के कारण विभाग ने नगर निगम से पत्र व्यवहार किया। स्थल तय होने और बुजुर्गों के पहुंचने के बीच जब विवाद हुआ, तो निगम अफसरों ने कहा आयोजन जिला प्रशासन का है, निगम का नहीं। हालांकि, निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने 30 सितंबर को ही सभी जोनल अधिकारियों को पत्र लिखकर 1 अक्टूबर को 100 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजन के सम्मान और असमर्थ बुजुर्गों के घर जाकर बधाई देने के निर्देश दिए थे।



स्कूल की जमीन पर अवैध कब्जा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के तिलक नगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संस्था की संपत्ति पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कब्जा करने के आरोप में तिलक नगर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें इंडो किड्स स्कूल के संचालक राजेंद्र महाजन, विजय पाटीदार, कमलेश गुर्जर और परीक्षित गंगराड़े शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। 2020 में स्कूल की मान्यता के नवीनीकरण के दौरान संस्था के मृत अध्यक्ष भवानी कश्यप के फर्जी हस्ताक्षर से किरायानामा तैयार करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक राजेंद्र महाजन ने सहयोगी परीक्षित गंगराड़े के माध्यम से स्टांप लिया। इसमें विजय पाटीदार और कमलेश गुर्जर को साक्षी बनाया गया। आरोप है कि बाद में स्कूल की प्रिंसिपल रिटा जोशी के हस्ताक्षर लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से मान्यता भी ली गई। ट्रस्टी सचिव अविनाश की शिकायत के मुताबिक अप्रैल 2012 में भवानी कश्यप के साथ लेख तैयार किया गया था। इसमें 22 हजार वर्गफीट में बनी बिल्डिंग का किराया 1 लाख 30 हजार रुपए सालाना तय हुआ था। राजेंद्र महाजन ने स्कूल के लिए भवन लिया था। हालांकि, अविनाश पचोरी का पहले से किरायेदारों से विवाद चल रहा था। इस कारण इकरारनामा नहीं बन सका।

100 की स्पीड से दौड़ रही स्कार्पियो पोल से टकराई

हादसे के बाद अंदर फंसा युवक, कटर से काटकर निकाला शव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

गुरुवार सुबह कनाड़िया बायपास पर फिनिक्स मॉल के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पोल से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में कार सवार निखिल नंदी की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और निखिल उसमें फंस गया। पुलिस ने मैकेनिकल कटर की मदद से कार की बॉडी काटकर शव को बाहर निकाला।

कनाड़िया पुलिस के मुताबिक, निखिल नंदी कार करीब 100 की स्पीड से चला रहा था। इसी दौरान कार का नियंत्रण बिगड़ गया। इसके बाद स्कॉर्पियो पोल से टकराकर पलट गई। हादसे में निखिल को अत्यधिक चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



कटर से काटकर निकाला शव- हादसे के बाद निखिल कार के अंदर फंस गया था। पुलिस ने मैकेनिकल कटर की मदद से स्कॉर्पियो की बॉडी काटी और शव को बाहर निकाला। पुलिस हादसे के कारणों को लेकर जांच कर रही है।

इधर, चंदन नगर में बदमाश का हवाई फायर- इधर, चंदन नगर इलाके में गुरुवार को बदमाश ने एक युवक पर हवाई फायर कर दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। हालाकि पुलिस अब इस मामले मे आरोपी की तलाश कर रही है। टीआई तिलक करोले के मुताबिक गुरुवार शाम ग्रीन पार्क कॉलोनी में गोली चलने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची जानकारी के मुताबिक इलाके मे ही रहने वाले मोनू नाम के बदमाश ने समीर नाम के युवक पर गोली चलाई थी।

दोनों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। पुलिस ने मौके से गोली का खोल बरामद किया है। आरोपी मोनू की तलाश की जा रही है।

इंदौर में फायर सेफ्टी को लेकर निगम की बड़ी कार्रवाई

15 बिल्डिंग सील, 2 पर चालान, रूफटॉप और बेसमेंट का नियम विरुद्ध इस्तेमाल मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में नगर निगम की टीम ने फायर सेफ्टी को लेकर गुरुवार को कार्रवाई करते हुए 15 बिल्डिंगों को सील कर दिया, जबकि 2 बिल्डिंगों पर चालानी कार्रवाई की गई। निगम की टीमों ने अलग-अलग बिल्डिंगों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी व्यवस्था, बेसमेंट के इस्तेमाल और रूफटॉप पर चल रही गतिविधियों की जांच की।

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर कार्रवाई की गई। एडिशनल कमिश्नर प्रखर सिंह के निर्देश पर टीमों ने यह भी जांच की कि बिल्डिंगों के बेसमेंट और रूफटॉप का इस्तेमाल बिल्डिंग परमिशन में स्वीकृत उपयोग के अनुसार हो रहा है या नहीं। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन मिलने पर 15 बिल्डिंगों को सील किया गया और 2 पर चालानी कार्रवाई की गई।



इन जगहों पर पहुंची टीम
नगर निगम की टीमों ने जीपी होटल, बुलबुल इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्का बिस्ट्रो रेस्टोरेंट/बार, न्यू कृष्णा पैलेस, होटल सालवेज, प्लॉट नंबर 210 स्कीम नंबर 94, होटल अर्बन नेक्स्ट, प्लॉट नंबर 82 स्कीम नंबर 94 स्थित होटल द ग्रैंड क्रिस्टा, दातार विला, सूर्य साधना एबी रोड एमआर-9, गुरुकुला बॉयज हॉस्टल, मोन होम डेकोर, वॉच केआर सॉर्प, वीर दी हट्टी रेस्टोरेंट, हाउस ऑफ माल्ट, मैत्री कलेक्शन, तुलसी ट्रेडर्स, 52 पायनियर पागा, होटल जार्डिन (तीन इमली स्क्वायर के पास), एयरपोर्ट रोड स्थित सेकंड किचन रूफटॉप कैफे, एपटेल होटल सहित अन्य बिल्डिंगों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की। टीम ने हाउस ऑफ माल्ट, मंगल श्री साड़ी, कंचन साड़ी, गोवर्धन प्लाजा की चार दुकानों, सत्यम रेडीमेड और दयाल कलेक्शन सहित अन्य प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया।

रूफटॉप पर भी कार्रवाई
नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, जहां रूफटॉप किचन, रूफटॉप रेस्टोरेंट या अन्य व्यावसायिक गतिविधियां बिल्डिंग परमिशन के विपरीत संचालित हो रही थीं, उन्हें बंद कराया गया और सीलिंग की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ नोटिस, चालानी, सीलिंग और अन्य वैधानिक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

खबर एक नजर...

79 साल पुरानी गांधी टोपी वाली परंपरा बंद, अब स्मार्ट क्लास का दौर शुरू

हरदा। आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती है। एक ओर पूरे देश में आज के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों और पदचिह्नों पर चलने के लिए नेताओं में होड़ मचेगी। वहीं जिले के छीपाबड़ में खंडवा रोड पर स्थित 134 साल पुराने शासकीय उत्तर बुनियादी माध्यमिक शाला (एसबीएस) में 1947 में देश की आजादी के बाद से ही 2025 तक बच्चों ने गांधी टोपी पहनकर पढ़ाई की। यह एक विरासत थी। अब यह छूट गई है। गांधी टोपी वाले स्कूल की स्थापना 1 जनवरी 1892 को हुई थी। 134 साल पुराने एसबीएस स्कूल में बच्चों ने 79 साल गांधी टोपी पहनकर पढ़ाई की। 6 सितंबर 2025 को सांदीपनी स्कूल में विलय के बाद यह परम्परा अब इतिहास बन गई। बच्चों को बेहतर सुविधाओं के साथ अच्छी शिक्षा मिलने से खुशी है। गांधी टोपी वाले स्कूल और सांदीपनी स्कूल में बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक अरविंद राजपूत ने बताया कि 1947 में जब देश आजाद हुआ, तब गरीबी और अशिक्षा जैसी बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार ने शासकीय उत्तर बुनियादी विद्यालयों की स्थापना की।

वकीलों की प्रदेशस्तरीय सबसे बड़ी संस्था के चुनाव संपन्न

जबलपुर। मप्र स्टेट बार काउंसिल के 2026 के चुनाव कई मायने में खास रहे। कई पुराने सदस्यों ने खुद चुनाव नहीं लड़ा और परिवार से बेटा-बेटी या भाई को आगे किया। कहीं पिता के बाद बेटे ने काउंसिल में जगह बनाई तो कहीं दादा और पिता के बाद परिवार की तीसरी पीढ़ी पहुंची।

भिंड में पिछले कार्यकाल के सदस्य रहे भाई के बाद दूसरे भाई ने चुनाव जीता, जबकि रीवा से पूर्व अध्यक्ष की बेटी इस बार काउंसिल पहुंचीं। इनके अलावा चुनाव में कुछ और पारिवारिक कनेक्शन भी चर्चा में रहे। वहीं, इस चुनाव में 1979 से लगातार काउंसिल के सदस्य रहे रामेश्वर प्रसाद नीखरा हार गए। बता दें कि 25 सदस्यीय स्टेट बार काउंसिल में सात सीट महिला वकीलों के लिए आरक्षित हैं। इस बार अनू पटेल, रश्मि ऋतु जैन, प्रतिभा वालिया, प्रवीण तिवारी और प्रतिका पाठक समेत पांच महिला वकील सदस्य निर्वाचित हुई हैं। दो सदस्यों के नाम की घोषणा चीफ जस्टिस करेंगे। दादा-पिता के बाद गौरव, तीसरी पीढ़ी स्टेट बार में ग्वालियर के गौरव मिश्रा के दादा श्याम बिहारी मिश्रा स्टेट बार के सदस्य रह चुके हैं। इसके बाद उनके पिता जेपी मिश्रा चार बार काउंसिल में चुने गए। इस बार गौरव मिश्रा ने पहली बार चुनाव लड़ा और 13वें स्थान पर निर्वाचित हुए।

निर्देश नहीं माने तो कलेक्टर बंद करा सकेंगी खनन

भोपाल। बिलौआ में खनिज चोरी और तय सीमा से ज्यादा खनन रोकने के लिए हाई कोर्ट ने निगरानी कड़ी करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस जीएस अहलूवालिया और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए खनिज चोरी और ज्यादा खनन को रोकने के लिए धर्मकांटे, एक ही प्रवेश-निकास मार्ग, कैमरों से नजर रखने वाली व्यवस्था दो महीने में लागू करने को कहा है। निदेर्शों का पालन नहीं किया तो कलेक्टर उसका खनन बंद करा सकती हैं। अगली सुनवाई 22 को होगी। एक रास्ता रहे चालू, बाकी बंद हर क्रेशर क्षेत्र में आने-जाने के लिए केवल 1 रास्ता रहेगा। इतना संकरा कि डंपर धर्मकांटे को बायपास कर न निकल सके। सालभर में खनिज निकालने की अधिकतम सीमा तय है। सीमा पूरी होते ही खनिज ले जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। कलेक्टर शेष वर्ष के लिए खदान बंद कराएंगी। कैमरों से रखेंगे नजर खनन क्षेत्र, क्रेशर, खनिज रखने की जगह और धर्मकांटे वाले हिस्से में 360 डिग्री उच्च क्षमता वाले कैमरे लगेंगे। कैमरे डंपरों की नंबर प्लेट पहचान (रात में भी) सकेंगे और उनकी आवाजाही रिकॉर्ड होगी। धर्मकांटा सीधे सरकारी व्यवस्था से जुड़ेगा हर खननकर्ता को आधुनिक धर्मकांटा लगाना होगा। इसे ई-चालान, ई-खनिज पोर्टल, खनिज संचालनालय और कलेक्टर कार्यालय से जोड़ा जाएगा। इससे बाहर जाने वाले खनिज के वजन का रिकॉर्ड भी विभागों के पास रहेगा।

अस्पताल में हंगामा, एक्सपायरी इंजेक्शन लगाने का आरोप, मरीज की मौत

ग्वालियर। सिटी सेंटर स्थित आरोग्यधाम अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीज की मौत के बाद परिजनों ने एक्सपायरी इंजेक्शन लगाए जाने का आरोप लगाते हुए देर रात हंगामा किया। दतिया निवासी बलवान यादव को परिजन बुधवार को गंभीर हालत में अस्पताल लेकर आए थे। परिजनों के मुताबिक उनके फेफड़ों में संक्रमण था और दोनों किडनी भी खराब थीं। मरीज अस्पताल पहुंचने के समय ऑक्सीजन सपोर्ट पर था। परिजनों ने बताया कि बुधवार रात डायलिसिस के बाद मरीज की हालत और बिगड़ गई और उसे वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। गुरुवार शाम करीब 5 बजे डॉक्टरों ने परिजनों को मरीज की स्थिति चिंताजनक बताते हुए दिल्ली ले जाने की सलाह दी। इसके बाद रात करीब 10 बजे अस्पताल की ओर से दवाओं का पर्चा दिया गया। आरोप है कि मरीज के भतीजे ने इंजेक्शन की वायल देखी तो उस पर जुलाई 2026 की एक्सपायरी डेट लिखी थी। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

अगले 3 दिन तेज धूप, फिर बारिश; दिन का पारा चढ़ा, रात में ठंडक

मप्र से 10 अक्टूबर तक विदाई लेगा मानसून

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई 10 अक्टूबर तक हो जाएगी। इससे पहले तेज धूप और बारिश वाला मौसम रहेगा। अगले 3 दिन भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में धूप खिलेगी तो चौथे दिन 5 अक्टूबर को पूर्वी हिस्से में बारिश का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि दिन में गर्मी और रात में ठंडक रहेगी।

दरअसल, मध्य प्रदेश में मानसून पीरियड 30 सितंबर को खत्म हो गया है। हालांकि, अब तक एक भी जिले से मानसून विदा नहीं हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून की वापसी रेखा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान से गुजर रही है। एमपी में यह ग्वालियर-चंबल और उज्जैन संभाग के ऊपर है। ऐसे में संभावना है कि यहीं से मानसून वापसी करेगा। इसके बाद इंदौर, भोपाल, नर्मदापुरम, सागर, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग से इसकी विदाई होगी। शुक्रवार-शनिवार को इसकी शुरूआत हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड रहा है। इस बार भी ऐसा ही होने का अनुमान है। दूसरी ओर, अक्टूबर का महीना चेंज ओवर पीरियड रहता है। इस महीने मानसून विदाई पर रहता है। इससे आसमान साफ हो जाता है। इस कारण दिन में गर्मी और रात में ठंड पड़ती है। यही वजह है कि अक्टूबर के पहले ही दिन कई शहरों में रात के तापमान में गिरावट देखने को मिली है। मौसम विशेषज्ञ नायक ने बताया कि अक्टूबर में प्रदेश के अधिकांश हिस्से में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान भी है। 5 अक्टूबर को पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, सिंगरौली, शहडोल और अनूपपुर में हल्की बारिश हो सकती है।

इस बार प्रदेश में 35.8 इंच बारिश रिकॉर्ड

दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान मध्य प्रदेश में कुल 908.4 मिमी यानी 35.8 इंच (95.9 प्रतिशत) बारिश हुई है। यह सामान्य बारिश 37.3 इंच (949.5 मिमी) की तुलना में 1.5 इंच कम है। वहीं, ओवरऑल 4 प्रतिशत कम पानी गिरा है। पूर्वी हिस्से में 4 प्रतिशत% ज्यादा और पश्चिमी हिस्से में औसत से 12 प्रतिशत% बारिश कम हुई है।

प्रदेश के पूर्वी हिस्से जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में बारिश का आंकड़ा चार प्रतिशत ज्यादा है। अधिकांश जिलों में कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है लेकिन बालाघाट, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, रीवा, सागर, सिवनी में 5 प्रतिशत% से 21 प्रतिशत% तक कम बारिश हुई है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन और विदिशा में औसत से 9 प्रतिशत से 51 प्रतिशत कम पानी गिरा है।

फर्श पर बैठकर इंतजार करती रहीं गर्भवती महिलाएं, 15-15 दिन की वेटिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अशोकनगर

जिला अस्पताल में सोनोग्राफी करवाने आ रहीं गर्भवती महिलाओं और भर्ती मरीजों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। सोनोग्राफी कराने के लिए मरीजों को 15-15 दिनों तक लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। गुरुवार को अस्पताल के सोनोग्राफी कक्ष के बाहर मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अव्यवस्था का आलम यह रहा कि अपनी बारी के इंतजार में गर्भवती महिलाएं फर्श पर बैठने को मजबूर नजर आईं।

असल में संविदा चिकित्सक डॉ.आस्था अग्रवाल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ हैं जिनकी सेवाएं जिला अस्पताल की बिगड़ती व्यवस्था को देखते हुए सोनोग्राफी में ली जा रही थी, लेकिन विगत दिनों सीएमएचओ ने उनको उनकी मूल संस्था भेज दिया। हालांकि व्यवस्था संभालने के लिए उनकी ड्यूटी जिला अस्पताल में केवल मंगलवार और गुरुवार को तय की है।

सप्ताह में केवल दो दिन सोनोग्राफी होने के कारण अस्पताल में मरीजों का भारी दबाव बन रहा है। गुरुवार को सोनोग्राफी के लिए करीब 60 मरीजों का पंजीयन हुआ। सुबह से ही कक्ष के बाहर महिलाओं की लंबी लाइन लग गई। सीमित समय होने के कारण डॉक्टर सभी मरीजों की जांच नहीं कर सकीं, जिससे कई गर्भवती महिलाओं को बिना जांच कराए बैरंग लौटना पड़ा। उन्हें अब अगले मंगलवार को दोबारा आने की सलाह दी गई है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ.बीएल टैगोर ने बताया कि ये बात सही है कि डॉ.अग्रवाल के जाने के बाद अव्यवस्था हुई है हालांकि हम जैसे तैसे व्यवस्था बना रहे हैं। सीएमएचओ मेडम को भी इस समस्या से अवगत करा दिया है।

गांधी जी की विचारधारा को कभी समाप्त नहीं किया जा सकता

क्विज प्रतियोगिता के आयोजन के साथ, पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल उज्जैन द्वारा महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष श्री निवास बीवी जी के निर्देश पर एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव के निदेर्शानुसार महात्मा गांधी जी की 157 जयंती पर भव्य क्वीज प्रतियोगिता श्री गुरु सांदीपनि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ग्राम सूरासा आगर रोड उज्जैन पर आयोजित की गई,।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सेवादल मुख्य संगठक अवनीश भार्गव ने कहा कि गांधी जी की विचारधारा को कभी समाप्त नहीं किया जा सकता,यह विचारधारा हर युग में प्रासंगिक होकर सत्य व अहिंसा के प्रति लोगों को प्रेरित करती रहेगी।प्रतियोगिता उपरान्त पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव ,विशेष अतिथि श्री गुरु सांदीपनि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन अनंत नारायण मीणा , जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश परमार ,शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी , मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री चेतन यादव , प्रदेश कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष अरुण रोचवानी , जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉ चैनसिंह चौधरी , राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर बहन रेणुका गांधी ,शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कुलदीप सिंह जाट शहर महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सीमा पटेल, यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष डॉ विजय बोडाना , यंग बीग्रेड सेवादल शहर अध्यक्ष मयंक सिंह राजपूत, महिला सेवादल रोशनी नामदेव, प्रदेश सेवादल सचिव अनिल शर्मा आदि लोग उपस्थित थे ।कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गान गाकर किया गया ।कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय, पुरुस्कार तथा 51 सावंतना पुरुष्कार दिये

इस अवसर वरिष्ठजनों शिक्षाविद् डॉ चंद्रेश अरेकर ग्रुप डायरेक्टर आशुतोष मीणा जी, प्रो हितेश पांडे जी, पप्रो संदीप जोशी डॉ गीता तोमर, डॉ कल्पना मिमरोट प्राचार्य का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र यादव, श्यामू बहन चौहान, लीला बाई चौहान, राजेंद्र चंदेल, निलेश शर्मा, रईस मंसूरी, दीपक यादव, मुकुल घुरैया, महेंद्र चौधरी, आदि लोग उपस्थित थे

एमपी ने ईवीएम किराए पर देकर कमाए 11 करोड़ रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों की पूरी प्रक्रिया को तकनीक से जोड़ने की दिशा में राज्य निर्वाचन आयोग ने कई नए प्रयोग किए हैं। इस बार आयोग ने सिर्फ मतदान के दिन की निगरानी को डिजिटल नहीं किया, बल्कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से लेकर चुनाव प्रक्रिया शुरू होने, मतदान केंद्र की सुविधाओं की जांच, मतदान प्रतिशत की रिपोर्टिंग, प्रेक्षकों की रिपोर्ट और ईवीएम के रेंडमाइजेशन तक अलग-अलग स्तरों पर सॉफ्टवेयर और मोबाइल एप का इस्तेमाल बढ़ाया है।

इनमें आईईएमएस का एडवांस वर्जन, पोलिंग स्टेशन सर्वे एप, पीठासीन अधिकारी एप, प्रेक्षा एप और एफ्ट रेंडमाइजेशन सॉफ्टवेयर प्रमुख हैं। इन तकनीकों का फील्ड इस्तेमाल 29 सितंबर 2026 के नगरीय निकाय और पंचायत उपचुनाव में हुआ।

29 सितंबर को प्रदेश में 3 नगरीय निकाय अध्यक्ष, 26 पार्षद, 7 जिला पंचायत सदस्य, 28 जनपद पंचायत सदस्य, 110 सरपंच और 4090 पंच पदों के लिए उपचुनाव निर्धारित था। मध्यप्रदेश में क्एटर पहले से चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा है। आयोग के रिकॉर्ड में 2016 से क्एटर के इस्तेमाल के दस्तावेज मिलते हैं। 2018 में नगरीय निकाय चुनाव में मतगणना और परिणाम की घोषणा के लिए आईईएमएस इस्तेमाल करने के निर्देश जारी हुए।

2020-22 में नामांकन, चुनाव की सूचना, मतगणना और परिणाम जैसे अलग-अलग चरण इससे जोड़े गए। अब इसका एडवांस वर्जन तैयार किया गया है। पहले जिला स्तर से डेटा आने के बाद राज्य स्तर पर चुनाव की अगली प्रक्रिया शुरू होती थी। नए मॉडल में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन और चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद आगे की प्रक्रिया को सिस्टम आधारित तरीके से शुरू करने का प्रयास है।

यानी जिला स्तर पर बार-बार डेटा भेजने और उसकी मैनुअल मॉनिटरिंग की जरूरत घटेगी। एक चरण पूरा होने के बाद उससे जुड़ा अगला चरण सिस्टम में ट्रिगर किया जा सकेगा।

नाऊढाना में नेट की ओट से पढ़ा रहे 9वीं-11वीं के बच्चों को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

कागजों में स्मार्ट क्लास और सर्व शिक्षा अभियान के बड़े-बड़े दावों के बीच सागर जिले के सरकारी स्कूलों की मैदानी हकीकत चौंकाने वाली है। रोंड़ा हायर सेकंडरी स्कूल और नाऊढाना हाईस्कूल में बच्चों की शिक्षा पूरी तरह जुगाड़ के भरोसे चल रही है। स्थिति यह है कि रोंड़ा में चार कक्षाओं के लिए सिर्फ 3 कमरे हैं, जहां एक कमरे में बीचों-बीच नेट (जाली) बांधकर 9वीं और 11वीं के छात्रों को एक-दूसरे तरफ बैठाकर पढ़ाया जा रहा है।

वहीं नाऊढाना में मुख्य स्कूल भवन जर्जर होने के कारण एकीकृत हाई स्कूल (6वीं से 10वीं) का संचालन दो अलग-अलग भवनों में हो रहा है। कक्षा-6वीं की पढ़ाई 100 मीटर दूर प्राइमरी स्कूल में होती है। जबकि 7वीं से 10वीं तक के बच्चों को आंगनबाड़ी भवन में बैठकर पढ़ाया जा रहा है। इसमें भी हालात ऐसे बनते हैं कि जिस दिन जिस क्लास में ज्यादा बच्चे आते हैं, उन्हें ही आंगनबाड़ी का मुख्य हॉल नसीब होता है। अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों को अन्य छोटे कक्षों से लेकर गैलरी तक में बैठाया जाता है। यहां नया भवन बन रहा है, जो जनवरी-फरवरी 2026 में बनाने का आश्वासन दिया गया था परंतु अभी स्थिति यह है कि सिर्फ पिलर ही खड़े हो सके हैं। स्कूलों में जमीनी मॉनीटरिंग ठप होने के कारण ऐसी स्थिति बनी है। इससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिसका असर रिजल्ट पर पड़ेगा।

सागर में स्कूलों का स्तर गिरने की एक बड़ी वजह जनशिक्षकों की कमी है। शासन के निदेर्शानुसार 21 विद्यालयों पर 1 जनशिक्षक तैनात किया जाना है, ताकि प्रत्येक स्कूल का नियमित अकादमिक और प्रशासनिक सुपरविजन हो सके। वर्तमान में निगरानी तंत्र पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। इसकी वजह है कि 10 जुलाई को 50 जनशिक्षक हटाए गए थे, उनकी जगह दूसरों की नियुक्ति अब तक नहीं की जा सकी है। लेकिन नए समन्वयकों की पदस्थापना न होने से स्कूलों में निरीक्षण नहीं हो रहा है। सागर में 122 जनशिक्षकों और 55 बीएसी की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है।

न मंच, न भाषण... आदिवासियों के बीच राहुल ने तलाशी जमीन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

12 दिन और राहुल गांधी दूसरी बार मप्र में। 19 सितंबर को इंदौर पहुंचे तो सामने छात्र और उनकी समस्याएं थीं। गुरुवार को बालाघाट के बिरसा ब्लॉक के जगला गांव पहुंचे तो सामने बैगा आदिवासी परिवार थे, जिन्होंने अपने बच्चे खोए हैं। पिछली बार छात्रों की बात सुनी थी, इस बार बच्चों की मौत से शुरू हुई बातचीत अस्पताल, स्कूल, पट्टे, जमीन, मनरेगा और वन अधिकार तक पहुंची। जगला में न मंच था, न भाषण। राहुल जमीन पर बैगा परिवारों के बीच बैठे थे। सामने वे माता-पिता थे, जिन्होंने अपने बच्चे खोए हैं। इन्हीं में 2 साल 2 महीने की बेटी नीलम को खो चुकीं गमनीन बाई भी थीं। उन्होंने राहुल से कहा- ह्यआपके आने की खबर मिली तो डॉक्टर गांव आने लगे। पहले महीनों तक कोई नहीं आता था। हमारे बच्चे बीमारी से मरते रहे, कभी कोई डॉक्टर देखने नहीं आया।ह्ल राहुल ने गमनीन बाई को पास बुलाया। उनके बेटे को गोद में लेकर दुलारा और फिर आसपास बैठे लोगों से अस्पताल और इलाज के बारे में पूछने लगे। तभी एक बुजुर्ग महिला ने अपनी बात रखी- पट्टा नहीं मिला, लाड़ली बहना का लाभ भी नहीं मिल रहा।

अनूपपुर में वेयरहाउस से 24 ईवीएम चोरी, इनमें 8 बैलेट, 16 कंट्रोल यूनिट;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अनूपपुर

मध्य प्रदेश के अनूपपुर के पुराने तहसील कार्यालय के पीछे बने ईवीएम वेयरहाउस से 24 ईवीएम चोरी हो गई हैं। इनमें 8 बैलेट यूनिट और 16 कंट्रोल यूनिट शामिल हैं। ये मशीनें 2014 से स्थानीय चुनाव के लिए सुरक्षित रखी गई थीं। ईवीएम चोरी का मामला ऐसे समय सामने आया है, जब प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के तहत 29 सितंबर को 103 पदों पर मतदान हुआ है। इनमें 79 सरपंच, 15 जनपद पंचायत सदस्य, 5 जिला पंचायत सदस्य और 4 पंच पद शामिल हैं। अनूपपुर जिले में पंचायत उपचुनाव के 13 पंच पदों के लिए 29 सितंबर को चुनाव हुए। इनमें 9 वार्डों में एक-एक प्रत्याशी होने से उन्हें निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया। वहीं पुष्पराजगढ़ के 3 और कोतमा के विचारपुर के 1 वार्ड में किसी ने नामांकन नहीं भरा, जिससे 4 पंच पद खाली रह गए। ठेकेदार आशीष त्रिपाठी ने 20 अगस्त को जर्जर तहसील भवन तोड़ने के दौरान खुले हिस्से में कुछ मशीनें पड़ी होने की सूचना रउट प्राशी अग्रवाल को दी थी। सूचना के करीब डेढ़ घंटे में एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया था।

इसके बावजूद खुले में रखी संवेदनशील एफ्ट को सुरक्षित जगह पर रखने के इंतजाम नहीं किए गए। करीब एक महीने तक मशीनें ऐसे ही पड़ी रहीं। अब मशीनें गायब होने का पता चलते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। शिकायतकर्ता फूलसिंह साहू ने बताया- वे वर्तमान में शासकीय प्राथमिक विद्यालय सीतापुर में सहायक शिक्षक हैं। 2014 में जिला कलेक्टर के आदेश पर उनकी ड्यूटी अनूपपुर के निर्वाचन कार्यालय में लगाई गई थी।

उज्जैन में आज से शुरू होगा 10 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव

महाराजा अग्रसेन की 5151वीं जयंती पर होंगे विविध सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजन, 11 को निकलेगा विशाल चल समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अहिंसा और समाजवाद के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की 5151वीं जयंती के उपलक्ष्य में उज्जैन अग्रवाल समाज द्वारा 2 से 11 अक्टूबर 2026 तक 10 दिवसीय भव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री अग्रवाल पंचायत न्यास, श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल, श्री अग्रवाल महिला मंडल सहित समाज की विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में खेलकूद, बौद्धिक प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे।

कोषाध्यक्ष आयुष चौधरी के अनुसार दस दिवसीय महोत्सव की शुरूआत 2 अक्टूबर को अग्रवाल धर्मशाला गोलामंडी में अग्रसेन जी के पूजन और निःशुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर से होगी। 3 अक्टूबर को बाल चित्रकला प्रतियोगिता और राणी सती दादी का मंगलपाठ होगा। 4 अक्टूबर को माधव गौशाला में गौ सेवा और अग्रवंशी वूमेंस क्लब द्वारा समुद्र मंथन की आध्यात्मिक कथा का आयोजन किया जाएगा।

5 अक्टूबर को जी टीवी अंताक्षरी फेम ज्वलंत शर्मा के संचालन में म्यूजिकल अंताक्षरी आयोजित होगी। 6 अक्टूबर को होटल सॉलिटेयर में भव्य आनंद मेला व तंबोला तथा शाम को डीजे गरबा नाईट व फैशन शो का उल्लास रहेगा। 10 अक्टूबर को सुप्रसिद्ध गायिका श्वेता अग्रवाल की भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसके अलावा विज्ञान प्रदर्शनी, मारवाड़ी फैशन शो और खेलकूद स्पधाएँ भी निरंतर 10 दिनों तक जारी रहेंगी। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रचनात्मक सेवा कार्यों पर भी विशेष जोर दिया गया है। नवयुवक मंडल अध्यक्ष इन्द्रेश अग्रवाल और सचिव दीपेश अग्रवाल ने बताया कि 6 अक्टूबर को अंकित ग्राम सेवाधाम आश्रम का भ्रमण कर भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी। 11 अक्टूबर की सुबह सेवा भारती वनवासी कल्याण छात्रावास में कन्या भोज और प्रभात फेरी का आयोजन होगा। इसके अलावा अग्रबंधु सोशल ग्रुप द्वारा समाजजनों के लिए वाटर बेड, व्हील चेयर और ऑक्सीजन सिलेंडर जैसे विभिन्न चिकित्सा उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगा भव्य चल समारोह

महोत्सव का मुख्य आकर्षण 11 अक्टूबर को निकलने वाला भव्य चल समारोह होगा। शाम 5 बजे अग्रवाल भवन मोदी गली से महाराजा अग्रसेन जी की पालकी यात्रा शुरू होगी, जो पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, छत्री चौक, बड़ा सराफा, कंठाल और निजातपुरा होते हुए मनोरमा गार्डन पहुंचेगी। रात 8 बजे मनोरमा गार्डन में मुख्य समारोह व पारितोषिक वितरण होगा। इस मुख्य कार्यक्रम में सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता न्यास अध्यक्ष निमेश अग्रवाल करेंगे तथा विशेष अतिथि के रूप में संजय अग्रवाल और राजेश अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। इस दौरान समाज की प्रतिभाओं, मेधावी छात्र-छात्राओं और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

अग्रसेन जयंती पर आज लगेगा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

अग्रवाल नवयुवक मंडल का आयोजन, मोतियाबिंद और रेटिना की होगी जांच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल की ओर से आज शुक्रवार 2 अक्टूबर को गोला मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। यह आयोजन त्रिमूर्ति आई केयर एंड ऑप्टिकल्स के सहयोग से किया जा रहा है।

शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण के साथ मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए मरीजों की जांच की जाएगी। इसके अलावा डायबिटीज और ब्लड प्रेशर से पीड़ित मरीजों की रेटिना की निःशुल्क जांच भी होगी। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को ऑपरेशन के लिए उचित मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

आयोजकों ने बताया कि शुगर और ब्लड प्रेशर के मरीज जांच के लिए अपनी पुरानी मेडिकल रिपोर्ट और वर्तमान में चल रही दवाइयों की पर्ची साथ लेकर आएं। मंडल ने आमजन से जरूरतमंदों तक जानकारी पहुंचाने और शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

रणबीर की फिल्म रामायण पर मुकेश खन्ना ने सवाल उठाए





मुकेश खन्ना ने रणबीर कपूर की फिल्म रामायण में भगवान राम के चित्रण पर सवाल उठाए। उन्होंने फिल्म में ज्यादा श्रृ और एक्शन दिखाने पर आपत्ति जताई। मुकेश खन्ना ने कहा कि फिल्म में भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम की खूबियों के बजाय एक्शन हीरो जैसा दिखाया गया है। उन्होंने रणबीर कपूर के पेड़ पर चढ़कर तीर चलाने वाले सीन पर भी सवाल उठाया।

बॉलीवुड नाउ को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, राम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। मुस्कुराते थे। श्री राम को सलमान खान, अमिताभ बच्चन बना दिया, रजनीकांत बना दिया।

भगवान राम के एक्शन सीन पर सवाल

मुकेश खन्ना ने उस सीन पर खास तौर पर आपत्ति जताई, जिसमें रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में पेड़ पर चढ़कर तीर चलाते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामायण के जिन संस्करणों को उन्होंने पढ़ा या देखा है, उनमें भगवान राम को इस तरह नहीं दिखाया गया। मुकेश खन्ना ने कहा, रामजी ऐसे फाइट नहीं करते थे। उन्होंने आगे कहा कि किरदार को मैन ऑफ एक्शन बना दिया गया है।

अभिनेता मुकेश खन्ना ने बी.आर. चोपड़ा के सीरियल महाभारत (1988-1990) में भीष्म पितामह का किरदार निभाया था। मुकेश खन्ना ने रामायण में किए गए बड़े पैमाने के विजुअल इफेक्ट्स यानी श्रृ पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दर्शक फिल्म को बड़े स्तर की फैंटेसी फिल्म के रूप में देख सकते हैं। वहीं, भारतीय दर्शक भगवान राम के चित्रण को धार्मिक और सांस्कृतिक नजरिए से देखेंगे।

बाली में नुसरत भरूचा का हुआ एक्सीडेंट

दावा- चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती, काम के सिलसिले में गई थीं एक्ट्रेस



एक्ट्रेस नुसरत भरूचा का बाली में एक्सीडेंट हो गया। हादसे में उन्हें चोट लगी है। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। ऐसा दावा एनडीटीवी ने अपनी रिपोर्ट में किया है। हालांकि, उनकी चोट कितनी गंभीर है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई। एनडीटीवी की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि नुसरत बाली में एक काम के सिलसिले में गई थीं। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गईं।

सूत्रों के मुताबिक, इलाज के चलते नुसरत को बाली में अपना स्टे बढ़ाना पड़ा है। बता दें कि हादसे से करीब एक हफ्ते पहले नुसरत ने सोशल मीडिया पर छुट्टियों की कुछ तस्वीरें शेयर की थीं।

नुसरत ने तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, ह्लछुट्टियां मनाने का मन है! अब कहां जाऊं?ह्व

नुसरत के टाइगर श्रॉफ की अगली फिल्म की कास्ट में शामिल होने की भी खबर है। यह टाइगर और नुसरत की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी। एक सूत्र ने पिंकविला को बताया, टीम को ऐसी एक्ट्रेस चाहिए थी, जो कहानी में मजबूती और भावनात्मक गहराई ला सके। नुसरत हमेशा सबसे मजबूत विकल्पों में थीं।

शूटिंग के दौरान घायल हुई थीं नुसरत

साल 2023 में नुसरत भरूचा के शूटिंग के दौरान घायल होने की दो घटनाएं सामने आई थीं। अप्रैल 2023 में फिल्म अकेली की शूटिंग के दौरान भी नुसरत हादसे का शिकार हुई थीं। एक सीन में उन्हें भागते हुए दिखाया जाना था। इसी दौरान वह संगमरमर के फर्श पर सिर के बल गिर गई थीं। हादसे के बाद वह करीब आधे घंटे तक दर्द से रोती रहीं। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी थी।

वहीं, जनवरी 2023 में फिल्म छोरी 2 की शूटिंग के दौरान एक एक्शन सीन करते समय उनके चेहरे पर चोट लग गई थी। चोट इतनी थी कि उन्हें चेहरे और भौंह के पास टांके लगवाने पड़े थे। इसके बाद उनका एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वह टांके लगवाती नजर आई थीं।

फिल्म छोरी-2 की शूटिंग के दौरान नुसरत भरूचा को चोट लगने की जानकारी उनकी दोस्त ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके दी थी। इससे पहले अगस्त 2021 में नुसरत की शूटिंग के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। वह लव रंजन की फिल्म की शूटिंग कर रही थीं। करीब 23-24 दिनों से लगातार काम करने के कारण वह काफी थक गई थीं। घटना वाले दिन उन्हें तेज चक्कर आए और वह ठीक से खड़ी या बात नहीं कर पा रही थीं।

भुवन बोले- प्यार में किसी भी हद तक जाऊंगा, सोनम ने कहा- दुपहिया में पेपर लीक का मुद्दा महज संयोग



प्राइम वीडियो की वेब सीरीज ह्यदुपहियाह्व का दूसरा सीजन आज रिलीज हो चुका है। पहले सीजन में गांव की सादगी और दिलचस्प किरदारों से दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद यह सीरीज नए ट्विस्ट और खुलासों के साथ लौट रही है। इस सीजन में अपराध, प्यार, जुगाड़, अंधविश्वास और पेपर लीक जैसे मुद्दे देखने को मिलेंगे। बातचीत में अभिनेता भुवन अरोड़ा, अभिनेत्री शिवानी रघुवंशी और निर्देशक सोनम नायर ने सीरीज के किरदारों, उनकी बारीकियों, शूटिंग के अनुभवों और असल जिंदगी से जुड़ी समानताओं पर बात की। उन्होंने सीरीज से जुड़े कई दिलचस्प किस्से भी साझा किए।

पिछले सीजन में हमने दिखाया था कि धड़कपुर में बिल्कुल भी अपराध नहीं होता। वहां के लोग बहुत भोले-भाले और सीधे-साधे हैं। लेकिन कहानी के अंत तक पता चलता है कि जो लोग खुद को जितना सीधा दिखा रहे थे, वे वास्तव में उतने सीधे नहीं हैं। अब सबका पदार्फाश हो चुका है और उनकी असलियत सामने आ गई है। इस सीजन में इन किरदारों का असली रूप देखने को मिलेगा। जब मैं भुवन से अमावस के रोल के लिए मिली थी, तो शुरूआत में हमने रोल की बात ही नहीं की। करीब आधे-एक घंटे तक हम सिर्फ हंसते रहे। भुवन मुझे बिहार और अपने ससुराल की कहानियां सुना रहे थे।

जयपुर एयरपोर्ट पर साथ दिखे एक्ट्रेस पलक-एक्टर इब्राहिम



बॉलीवुड एक्ट्रेस पलक तिवारी और एक्टर इब्राहिम अली खान पटौदी गुरुवार को जयपुर एयरपोर्ट पर नजर आए। दोनों को एयरपोर्ट पर एक साथ देखा गया। यहां से वे सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर के लिए रवाना हुए। जानकारी के मुताबिक- दोनों रणथंभौर में टाइगर सफारी देखने पहुंचे हैं। दोनों का दो दिन यहां रुकने का कार्यक्रम है।

जयपुर एयरपोर्ट पर इब्राहिम अपने खास मजाकिया अंदाज में भी नजर आए। उनके हाथ में कॉफी का गिलास था। एयरपोर्ट पर मौजूद लोगों और पैपराजी से बातचीत के दौरान उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा- आज मेरी कॉफी नहीं गिरेगी। उनका यह कमेंट हाल ही वायरल हुए उस वीडियो से जुड़ा था, जिसमें इब्राहिम के हाथ से कॉफी गिर गई थी।

इसी बीच जयपुर एयरपोर्ट पर अभिनेता, मॉडल और फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन भी नजर आए। एयरपोर्ट पर एक फैन ने उनके साथ फोटो खिंचवाने की इच्छा जताई तो मिलिंद ने मजाकिया अंदाज में कहा- फोटो से पहले 20 पुशअप लगाने पड़ेंगे। उनके इस अंदाज को देखकर वहां मौजूद लोग भी चौंक गए।

सेल्फी लेते हुए गिर गई थी कॉफी

दरअसल, 30 सितंबर को सामने आए एक वीडियो में इब्राहिम एक फैन के साथ सेल्फी लेते समय गलती से अपनी कॉफी कपड़ों पर गिरा बैठे थे। वीडियो में वे अचानक नीचे देखते हुए कॉफी के दाग को चेक करते नजर आए। उनके इस रिएक्शन पर लोगों ने कई तरह के कमेंट किए थे।

रणथंभौर में टाइगर सफारी का प्लान

पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान की रणथंभौर में यात्रा ऐसे समय हुई, जब मानसून के तीन महीने के बाद 1 अक्टूबर से नेशनल पार्क पर्यटकों के लिए फिर खुला है। पहले दिन देशी-विदेशी पर्यटकों का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





रंग भरकर चित्र बनाओ








जोक्स

टीचरः कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्रः बनिए !
टीचरः वो कैसे ?
छात्रः क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

मास्टर जीः सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्रः किताब में
मास्टर जीः कैसे?
छात्रः क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है ??



वर्ग पहेली




बाएं से दाएं

1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू -3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना - 3
27. मसाज-3

ऊपर से नीचे

1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीति, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माइन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

माथा पच्ची



20		50		90		4	=	40
	■		■		■		■	
28		7		60		33	=	31
	■		■		■		■	
30		10		2		8	=	5
	■		■		■		■	
20		2		25		5	=	20
=	■	=	■	=	■	=	■	=
38		45		40		24	=	25/19

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

ाब्दों का जाल



अ	श	मु	ख	ज	त	हो	प	न	प	क	
ज	कि	व	ना	द	म	जा	जि	स्स	र	ह	
न	के	र	हे	लि	ऐ	ना	न	व	ष्टि	म	
बी	ट	सा	न	हा	वा	त	क	ले	ज	को	
यो	दा	त	प	ने	तो	हो	वा	जो	व	ष्टि	
व	र	त	अ	ज	स	ए	व	र	यों	वा	
द	प	म	न	प	व	ह	अ	जो	प्ला	वा	
क	र	क	ला	क	ह	भा	र	चो	अ	क	
र	व	त	म	ए	भी	र	क	अ	न	र	
फु	ट	पा	त	र	शो	ता	ग	र	ह	ज	
मुं	ब	ई	न	आ	प	र	क	प	स्त	ये	

शब्दजाल में बिपाशा बसु की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

राज, अजनबी, ऐतबार, जिस्म, फुटपात, अपहरण, हम को दिवाना कर गये, बरसात, चोर मचाए शोर, रक्त.

अष्टयोग

5	1		4	2		7
	31		28		30	1
		7	3		2	
4	33		29	1	31	6
3		1		5		
	34	6	35		40	3
2	3		1	6	7	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

माथा पच्ची का हल

53	-	12	-	25	+	5	=	21
-	■	+	■	-	■	+	■	+
48	=	17	-	20	x	1	=	45
+	■	-	■	x	■	+	■	-
30	x	2	-	10	+	1	=	50
-	■	+	■	-	■	+	■	+
13	+	1	+	30	-	10	=	33
=	■	=	■	=	■	=	■	=
22	+	27	-	20	+	16	=	45/41

अष्टयोग का हल

5	7	2	4	1	6	3
2	23	1	26	6	40	6
1	2	3	4	5	6	7
4	32	4	32	4	32	4
7	6	5	4	3	2	1
6	47	7	35	7	26	2
3	7	6	1	2	4	5

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल-

मध्यम

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9

अमेरिका-मौत के 2 इंजेक्शन देने के बाद भी महिला बची

धड़कन चल रही थी, नींद में खर्राटे लेती रही; मौत की सजा टली




अमेरिका में मौत की सजा पाने वाली एक महिला कैदी को बुधवार को मौत के 2 इंजेक्शन दिए गए, लेकिन इसके बाद भी उसकी जान नहीं गई। उसकी धड़कन चलती रही और वह नींद में खर्राटे ले रही थी। मामला अमेरिका के टेनेसी राज्य का है। क्रिस्टा गेल पाइक नाम की महिला 1995 में हत्या के मामले में दोषी करार की गई थी। उसे एक साल बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि अब उसकी सजा टाल दी गई है। रात 7:27 बजेः पाइक स्ट्रेचर पर बंधी हुई थी और होश में थी। उन्हें पहला इंजेक्शन दिया गया रात 8:26 बजेः पाइक को पेंटोबार्बिटल का दूसरा इंजेक्शन दिया गया। इस दौरान वह नींद में थी। रात 8:53 बजेः पाइक का माइक्रोफोन बंद कर दिया गया, गवाहों को बाहर जाने के लिए कहा गया। देर रातः पाइक के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में इमरजेंसी याचिका दायर कर प्रक्रिया तुरंत रोकने की मांग की।

शरीर में जहर जाने के बाद जान बचने का यह पहला मामला

रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले अमेरिका में अब तक सिर्फ 7 ऐसे मामले आए थे जिनमें मौत का इंजेक्शन देने के बाद भी दोषी की जान बच गई थी। इन लोगों को नस में घातक इंजेक्शन देने में दिक्कत हुई। मेडिकल टीम की इस गड़बड़ी के कारण उनकी मौत नहीं हो सकी। इस बार मामला अलग था। जहर शरीर में पहुंचने के बाद किसी व्यक्ति के जिंदा रहने का यह पहला मामला है। राज्य के नियमों के मुताबिक, पहले इंजेक्शन के बाद अगर कैदी की मौत नहीं होती तो दूसरा इंजेक्शन दिया जाता है। लेकिन दूसरे इंजेक्शन के बाद भी व्यक्ति जिंदा रहे तो क्या करना है, इसके बारे में नियमों में साफ जानकारी नहीं है।

1995 में 19 साल की सहपाठी की हत्या की थी



क्रिस्टा पाइक को 1995 में अपनी 19 साल की सहपाठी कोलीन स्लेमर की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। जनवरी 1995 में पाइक, उनके उस समय के बॉयफ्रेंड तादारिल शिप और एक दोस्त ने स्लेमर को टेनेसी यूनिवर्सिटी के कैंपस के पास जंगल में बुलाया था।

अदालत में सामने आया कि वहां तीनों ने स्लेमर की पिटाई की और धारदार चीज से हमला किया। अपराध के समय पाइक 18 साल की थीं। वहीं, उनके बॉयफ्रेंड शिप की उम्र 17 साल थी। शिप ने बाद में मामले में गवाही दी। नाबालिग होने के कारण उसे मौत की सजा नहीं दी गई और उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

टेनेसी में 200 साल बाद पहली बार महिला को मौत की सजा

पाइक अमेरिकी राज्य टेनेसी की मौत की सजा पाने वाली अकेली महिला कैदी थीं। अगर बुधवार की प्रक्रिया सफल होती, अगर प्रक्रिया पूरी हो जाती तो 200 साल से ज्यादा समय में टेनेसी में मौत की सजा पाने वाली वह पहली महिला होती।

जेल में रहने के दौरान पाइक ने अपने अपराध पर पछतावा जताया था। उनका मानसिक बिमारियों का इलाज भी हुआ था। उनके वकीलों ने कहना था कि बचपन में उनके साथ हुई कुछ बुरी घटनाओं और मानसिक परेशानियों का उनके व्यवहार पर असर पड़ा था। वहीं, पीड़ित कोलीन स्लेमर के परिवार ने पाइक को मौत की सजा दिए जाने का समर्थन किया था। स्लेमर की मां ने कहा था कि पाइक उनकी बेटी को वापस नहीं ला सकतीं, इसलिए उन्हें अपने किए की सजा मिलनी चाहिए। टेनेसी अमेरिका के उन राज्यों में है, जहां हाल के सालों में मौत की सजा लागू की गई है। अगस्त में टेनेसी, अलबामा और ओक्लाहोमा में एक ही दिन तीन लोगों को मौत की सजा दी गई थी। अमेरिका में 10 साल से ज्यादा समय बाद पहली बार एक ही दिन तीन लोगों को मौत की सजा दी गई थी। टेनेसी के गवर्नर ने अब पाइक को इंजेक्शन देते वक्त आखिर क्या हुआ इसकी जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस साल होने वाली बाकी सभी मौत की सजाओं पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। पाइक के वकीलों ने बुधवार देर रात कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों में बताया कि अधिकारियों ने उसे पेंटोबार्बिटल ड्रग्स के 2 इंजेक्शन दिए। इसके बावजूद उसकी मौत नहीं हुई।

9/11 जैसा हमला रोकने के लिए फाइटर जेट्स भेजे, हमलावर से बातचीत की तैयारी भी थी

विमान हाईजैक होता तो मार गिराता इजराइल...

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

इजराइल ने दुबई से उड़ान भरने वाले उस विमान को मार गिराने की तैयारी कर ली थी, जिसके हाईजैक का अलर्ट भेजा गया था। बुधवार को अलर्ट मिलते ही फाइटर जेट्स रवाना कर दिए गए थे। विमान में 174 यात्री सवार थे।

टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार को आशंका थी कि विमान का कंट्रोल वापस नहीं मिला, तो वह इजराइल में 9/11 जैसा हमला कर सकता है। खतरा टालने के लिए विमान को हवा में ही मार गिराना पड़ सकता था। भारत में इजराइल के राजदूत रियूवेन अजार ने बताया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को कार्रवाई पर फैसला लेना था।

हालांकि, भारतीय पायलट और यात्रियों ने हिम्मत दिखाकर हमलावर को-पायलट पर काबू पाया और विमान को सऊदी में सुरक्षित उतार लिया गया। इजराइल ने इसके लिए भी तैयारी की थी कि हाईजैकर्स विमान में सवार यात्रियों को बंधक बनाकर अपनी मांगें रख सकते हैं। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए इजराइल की राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी यूनिट यामाम को अलर्ट किया गया था। योजना थी कि अगर हाईजैकर्स यात्रियों को छोड़ने के बदले कोई मांग रखते हैं, तो उनसे बातचीत और बंधकों को सुरक्षित निकालने की कार्रवाई के लिए यह विशेष यूनिट मोर्चा संभालेगी। इजराइल ने ऐसी स्थिति के लिए भी तैयारी की थी, जिसमें हाईजैक हुआ विमान उसके बजाय जॉर्डन या सऊदी अरब में क्रैश हो जाता। ऐसे मौके पर विमान में फंसे यात्रियों और क्रू को बचाने के लिए इजराइली एयरफोर्स की विशेष कमांडो यूनिट शालदाग को भेजने की योजना बनाई गई थी। इसी यूनिट ने अप्रैल में ईरान में अमेरिकी स्ट्राइक ईगल विमान के क्रैश होने के बाद दो अमेरिकी एयरक्रू सदस्यों को बचाने के अभियान में हिस्सा लिया था।



अगर विमान की हाईजैकिंग का शक तो 4 नियम

1. पहले विमान को सुरक्षित उतारने की कोशिश- अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (क्उअड) के मुताबिक अगर किसी विमान के हाईजैक होने का शक हो, तो सुरक्षा एजेंसियां पहले उससे संपर्क करने और उसे सुरक्षित उतारने की कोशिश करती हैं। जरूरत पड़ने पर लड़ाकू विमान भेजे जा सकते हैं। **2. हालात का अंदाजा लगाकर फैसला-**सिर्फ हाईजैक होने के शक के कारण विमान को गिराने की अनुमति नहीं मिल जाती। हर मामले में खतरे की गंभीरता और हालात को देखना पड़ता है। **3. यात्रियों और क्रू की सुरक्षा जरूरी-** उड़ान के दौरान नागरिक विमान के खिलाफ हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। विमान को रोकने की कार्रवाई में यात्रियों और क्रू की जान का ध्यान रखना जरूरी है। **4. हमले की स्थिति में सभी विकल्प खुले-** अगर विमान को किसी इमारत या भीड़ पर हमला करने के लिए इस्तेमाल किए जाने का खतरा हो, तो स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है। सुरक्षा एजेंसियां उसे रोकने के विकल्पों पर विचार करती हैं। हालांकि, विमान को गिराने का फैसला अपने आप सही या कानूनी नहीं हो जाता। यह हालात और कानूनों पर निर्भर करता है।

आरोपी ने चाकू से भारतीय पायलट पर हमला किया

हाईजैक की कोशिश के आरोपी ओमानी को-पायलट ने कॉकपिट में भारतीय कैप्टन स्मित मच्छर पर चाकू से हमला किया था। हमले में कैप्टन गंभीर रूप से घायल हो गए और विमान तेजी से नीचे गिरने लगा। इसके बावजूद कैप्टन ने कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया, जिससे यात्री और क्रू अंदर पहुंच सके। उन्होंने मिलकर आरोपी को काबू किया। इसके बाद विमान में मौजूद दूसरे पायलटों ने फ्लाइट को सऊदी अरब के तबुक शहर में सुरक्षित उतारा। फ्लाइटरडार24 के मुताबिक, घटना के करीब ढाई घंटे बाद विमान एक मिनट में 33 हजार फीट से 17 हजार फीट की ऊंचाई पर आ गया। विमान बोइंग 737 मैक्स 8 था। न्यूजीलैंड के फ्लाइट स्कूल के प्रमुख फिलिप कीन ने विमान की सुरक्षित लैंडिंग को चमत्कार बताया। इसी स्कूल में कैप्टन स्मित मच्छर ने ट्रेनिंग ली थी। कीन ने कहा कि विमान इतनी तेजी से नीचे आने के बावजूद टूटने से बच गया। नेतन्याहू ने दावा किया कि हमलावर को कट्टरपंथी इस्लामी विचारधारा से प्रभावित किया गया था। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि आरोपी का ब्रेनवॉश हुआ था। फिलहाल इस मामले की जांच सऊदी अरब में चल रही है। इजराइल की खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां भी जांच में मदद कर रही हैं। इजराइल ने आरोपी को पूछताछ के लिए अपने देश भेजने की मांग की है, लेकिन सऊदी अरब इस पर क्या फैसला लेगा, यह अभी साफ नहीं है।

टीवी शो देखकर प्लेन उड़ाना सीखा

हमलावर पायलट को पकड़कर हाइजैकिंग रोकी; खून सने कपड़ों में नेतन्याहू से मिलने पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट में बुधवार सुबह कॉकपिट के अंदर पायलटों के बीच झगड़ा हो गया। ओमानी पायलट ने भारतीय पायलट स्मित मच्छर पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद विमान तेजी से नीचे जाने लगा।

इस दौरान यात्री यानिव हायून ने हमलावर को काबू करने और विमान को संभालने में मदद की। खास बात यह है कि उसे विमान उड़ाने की कोई ट्रेनिंग नहीं मिली थी। उसने एक ळश शो देखकर विमान के कंट्रोल के बारे में जानकारी हासिल की थी। इस घटना के बाद वह खून से सने कपड़ों में ही इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू से मिलने पहुंचा। ढट ने उसके साहस की तारीफ की और उसे हीरो बताया।

हायून ने इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बताया कि उसे कॉकपिट से चीखने की आवाज सुनाई दी। वह एक दूसरे यात्री के साथ वहां पहुंचा। कॉकपिट में उसने देखा कि भारतीय कप्तान स्मित मच्छर घायल हालत में जमीन पर पड़े थे। वहीं हमलवार पायलट विमान उड़ा रहा था। हायून ने बताया कि हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद कैप्टन स्मित मच्छर ने कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया था। इसके बाद बाहर मौजूद यात्री अंदर आए। हायून ने हमलावर को पकड़ा और उसे कंट्रोल पैनल से दूर खींचकर बाहर किया। इसके बाद उसने दूसरे यात्रियों को मदद के लिए बुलाया। तीन यात्रियों ने मिलकर हमलावर को काबू किया और हेडफोन की तार से उसके हाथ बांध दिए।



हमलावर को काबू करने के बाद हायून वापस कॉकपिट में गया। उस समय विमान तेजी से नीचे जा रहा था। विमान कुछ ही समय में करीब 16,000 फीट नीचे आ गया। इस दौरान विमान की हालत बेहद गंभीर हो गई थी। इसके बाद हायून ने विमान के कंट्रोल पकड़ लिए और उन्हें पीछे की तरफ खींचा। इससे विमान की नोज ऊपर उठने लगी और विमान की हालत कुछ हद तक संभली।

पूर्व जिला जज की जल्द सुनवाई की मांग खारिज

हमारे लिए बस कंडक्टर-प्रिंसिपल सेक्रेटरी दोनों बराबरः सुप्रीम कोर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद के पूर्व जिला जज की जल्द सुनवाई की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पद के आधार पर किसी को प्राथमिकता नहीं मिल सकती। संविधान हर व्यक्ति को समान रूप से न्याय तक पहुंच का अधिकार देता है। याचिका पूर्व जज राकेश कुमार नैन ने लगाई थी। जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट में पेंडिंग रिट याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की गई थी। जस्टिस नैन को सेवा से बर्खास्त कर दियाग गया है।

हालांकि सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने उन्हें हाईकोर्ट में ही जल्दी सुनवाई की मांग रखने की छूट दी। राकेश कुमार नैन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाले स्पेशल जज थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट की फुल कोर्ट ने उन्हें न्यायिक कदाचार और भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाया था। इसके बाद नैन को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। उन्होंने बर्खास्तगी के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। यह याचिका अब भी पेंडिंग है। सुनवाई में देरी से परेशान होकर नैन ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की। बेंच ने उनकी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार किया।

बेंच की 3 टिप्पणियां

अगर देरी के बेहद गंभीर आरोप नहीं हैं, तो सिर्फ पूर्व न्यायिक अधिकारी होने के कारण याचिकाकर्ता के प्रति ह्यगलत सहानुभूतिह्ल नहीं दिखाई जा सकती।

मौजूदा बेंच ह्यअवसरवादी दखलह्ल रोकने की पूरी कोशिश करेगी। यह दलील संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है।

हर नागरिक को उसके पद या स्थिति की परवाह किए बिना न्याय तक पहुंच का अधिकार है। संवैधानिक समानता के इस क्षेत्र में कोर्ट व्यक्तिगत आधार पर किसी के लिए अलग हस्तक्षेप नहीं करेगा।

परमाणु विस्फोट पकड़ने अमेरिका ने जमीन के नीचे धमाके किए

जमीन के कंपन का डेटा जुटाया; चीन पर छिपकर परमाणु टेस्ट करने के आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेवादा

अमेरिका ने बुधवार को नेवादा में जमीन के नीचे एक बड़ा विस्फोट किया। इसमें परमाणु बम का इस्तेमाल नहीं हुआ। वैज्ञानिकों ने शक्तिशाली रासायनिक विस्फोटक लगाए और उनके फटने पर पैदा हुए कंपन और दूसरे संकेतों को रिकॉर्ड किया। इस प्रयोग का मकसद यह समझना था कि अगर कोई देश जमीन के नीचे छोटा परमाणु धमाका करे और उसके संकेतों को छिपाने की कोशिश करे, तो उसका पता कैसे लगाया जा सकता है।

यह प्रयोग ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिका पहले भी चीन पर गुप्त परमाणु परीक्षण करने की कोशिश का आरोप लगा चुका है। साल 2020 में अमेरिका ने चीन के लोप नूर परमाणु परीक्षण केंद्र में ऐसे सीक्रेट टेस्ट किए जाने का आरोप लगाया था। यह प्रयोग नेवादा नेशनल सिक्योरिटी साइट के पी-टनल इलाके में किया गया। यह सुरंग जमीन के करीब 900 फीट नीचे है और लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रयोगों के लिए इस्तेमाल होती रही है।

वैज्ञानिकों ने सुरंग के अंदर रासायनिक विस्फोटक लगाए। विस्फोट के दौरान पैदा होने वाले कंपन, ध्वनि और दूसरे संकेतों को रिकॉर्ड करने के लिए कई तरह के सेंसर लगाए गए थे इस प्रयोग से मिले आंकड़ों का इस्तेमाल कंप्यूटर मॉडल और परमाणु विस्फोट का पता लगाने वाले सिस्टम को बेहतर बनाने में किया जाएगा। इससे अमेरिका को दुनिया में कहीं भी होने वाले संभावित परमाणु धमाकों की पहचान करने में मदद मिल सकती है।



परमाणु बम का इस्तेमाल क्यों नहीं किया?

अमेरिका का मकसद परमाणु धमाका करना नहीं था। उसे यह देखना था कि जमीन के अंदर विस्फोट होने पर बाहर किस तरह के संकेत मिलते हैं। इसलिए वैज्ञानिकों ने परमाणु बम की जगह रासायनिक विस्फोटक इस्तेमाल किए। इनसे पैदा हुए कंपन और दूसरे संकेतों को रिकॉर्ड किया गया। टेस्ट ढ-टनल में किया गया। यह सुरंग जमीन के करीब 900 फीट नीचे है और लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े प्रयोगों के लिए इस्तेमाल होती रही है।

डॉक्टरों पर हमलों से सुप्रीम कोर्ट नाराजः कहा- कानून से ऊपर कोई नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों और सरकारी कर्मचारियों पर बढ़ते हमलों को लेकर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि कानून का सम्मान करने की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा जनता के चुने हुए नेता की होती है। उनके पद की ताकत कभी भी कानून से ऊपर नहीं हो सकती। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह टिप्पणी शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे और तीन अन्य की जमानत रद्द करते हुए की। इन तीनों पर ठाणे के एक म्युनिसिपल हॉस्पिटल के डॉक्टरों से मारपीट और गाली-गलौज का आरोप है। 28 सितंबर के आदेश में कोर्ट ने सभी आरोपियों को 5 अक्टूबर तक सरेंडर करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधि पर कानून का सम्मान करने और संस्थाओं में लोगों का भरोसा मजबूत करने की ज्यादा जिम्मेदारी होती है।

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की, 9 की मौत

इसमें बच्चे-महिलाएं भी शामिल; यह इस साल का 11वां हमला, अब तक 800 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कुनार

पाकिस्तान ने गुरुवार को अफगानिस्तान के कुनार और हेलमंद प्रांत में एयरस्ट्राइक की। अफगान तालिबान सरकार के मुताबिक इन हमलों में 9 लोगों की मौत और 11 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने इसकी जानकारी दी है। रॉयटर्स के मुताबिक उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी हमलों में दोनों प्रांतों में 3 घर तबाह हुए हैं। पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर ये 11वां हमला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में अब तक करीब 800 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।




पाकिस्तान का दावा- 22 लड़ाके मरे

पाकिस्तान का दावा है कि गुरुवार को उसने अफगानिस्तान में दो आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसमें कम से कम 22 लड़ाके मारे गए। हालांकि जबीहुल्लाह मुजाहिद ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा की पाकिस्तान ने नागरिक इलाकों पर हमले किए हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने गलत किया है। यह अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है और इसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच तालिबान सरकार के मंत्री नूरुल्लाह नूरी ने पाकिस्तान को अफगानों के सब्र का इम्तिहान न लेने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अफगानिस्तान का इतिहास याद रखना चाहिए, जहां सोवियत संघ और अमेरिका जैसी बड़ी ताकतें भी युद्ध के बाद सफल नहीं हो सकीं।

पाकिस्तान का कहना है कि हाल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तानके लड़ाकों ने अफगानिस्तान के पक्तिया और नंगरहार प्रांतों से पाकिस्तान में घुसपैठ की कोशिश की। इसके बाद सीमा पर दोनों पक्षों के बीच गोलाबारी हुई। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान से ड्रोन भी भेजे गए, जबकि तालिबान सरकार ने इन आरोपों से इनकार किया।



■ वर्ष-12 अंक-329 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

बहवो गुरवो लोके शिष्य वित्तपहारकाः।
क्वचितु तत्र दृश्यन्ते शिष्यचित्तापहारकाः।।

भावार्थ : जगत में अनेक गुरु शिष्य का वित्त हरण करनेवाले होते हैं; परंतु, शिष्य का चित्त हरण करनेवाले गुरु शायद हि दिखाई देते हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 02 अक्टूबर, 2026

एकमप्यक्षरं यस्तु गुरुः शिष्ये निवेदयेत्।
पृथिव्यां नास्ति तद् द्रव्यं यद्दत्वा ह्यनृणी भवेत्।।

भावार्थ : गुरु शिष्य को जो एखाद अक्षर भी कहे, तो उसके बदले में पृथ्वी का ऐसा कोई धन नहीं, जो देकर गुरु के ऋण में से मुक्त हो सकें।

सम्पादकीयम्

सर्वोच्च न्यायालय जनरल जेड विरोध

लाठीचार्जं न उत्तरम्; पुलिस-अतिरिक्तायाः अन्वेषणम्; सर्वोच्चन्यायालयस्य निदेर्शाः महत्त्वपूर्णाः जन्तर-मन्तरे जेन् जेड्-विरोधस्य अनन्तरं अधुना सर्वोच्चन्यायालये एषः विषयः प्राप्तः अस्ति। दिल्लीपुलिसस्य कार्याणि विषये सर्वोच्चन्यायालयेन अनेके महत्त्वपूर्णाः निदेर्शाः निर्गताः सन्ति। इदानीं दिल्लीपुलिसः अपि शपथपत्राणि प्रस्तौति। सर्वोच्च न्यायालय जनरल जेड विरोध राजधानी दिल्लीनगरस्य जन्तरमन्तरे छात्रविरोधस्य अनन्तरं देशे सर्वत्र परिवर्तनं दृश्यते। नूतना पीढी स्वअधिकारस्य वकालतुं विशेषतः शिक्षाव्यवस्थायां सुधारस्य कृते वीथिषु प्रविशति। जेन् जेड् इत्यस्य पार्श्वे जनरल् आल्फा अपि भागं गृह्णाति। एते विरोधाः यद्यपि प्रणालीगतदोषान् प्रकाशयन्ति तथापि ते अपि दर्शयन्ति यत् नूतना पीढी सर्वकारेण प्रश्नं कर्तुं स्वस्य अधिकारं अवगतं च स्वीकुर्वति च। अस्मिन् सन्दर्भे छात्रान्दोलनकारिणां विरुद्धं कथितानां पुलिस-अतिरिक्तानां विषये सर्वोच्चन्यायालयस्य निदेर्शाः महत्त्वपूर्णाः भवन्ति। एतेन जनसमुदायस्य अधिकारस्य रक्षणे सहायता भविष्यति। अन्वेषणार्थं समितिः। दिल्लीनगरे संसदं प्रति 'काकरोचजनतापक्षस्य' मार्गयात्रायाः समये पुलिसैः अतिप्रयोगस्य अन्वेषणार्थं उच्चशक्तियुक्तायाः समितिस्य निमार्णार्थं सर्वोच्चन्यायालयेन निर्देशः दत्तः। परन्तु दिल्लीपुलिसः एतान् आरोपान् अङ्गीकृतवान् अस्ति। इदानीं बिहारसर्वकारेण एकस्मिन् घटनायां एके-४७-विमानस्य उपयोगः कृतः इति स्वीकृतम्, यद्यपि कोऽपि घातितः नासीत्।

४३० दिवसपर्यन्तं सरकारीकार्यालयेषु प्रसारिता सञ्चिका

उच्चन्यायालयः पृच्छति यत् निर्दोषाः अभियुक्ताः एतादृशस्य मन्दतायाः भारं किमर्थं वहन्ति इति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



भ्रष्टाचारप्रकरणे द्वयोः व्यक्तियोः निदोर्षीकरणस्य विशेषन्यायालयस्य निर्णयस्य चुनौतीं दातुं लोकायुक्तस्य ४३० दिवसानां विलम्बस्य विषये मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयेन कठोरदृष्टिकोणः कृतः। उच्चन्यायालयेन स्पष्टतया उक्तं यत् सर्वकारीयविभागानाम् अन्तः एकस्मात् सारणीतः अन्यतमं सारणीं प्रति सञ्चिकानां स्थानान्तरणं, आधिकारिकस्वीकृतिं कानूनीमतं च प्राप्तुं व्ययितसमयेन सह, एतादृशं विस्तृतं विलम्बं न्याय्यं कर्तुं पर्याप्तं आधारं न गणयितुं शक्यते। विलम्बं न अनुमोदयन् न्यायालयः लोकायुक्तेन दाखिलं अपीलं निरस्तं कृतवान्।

न्यायमूर्तिः संजीव कलगांवकरस्य एकेन पीठेन श्रुतः एषः विषयः विशेषपुलिसप्रतिष्ठानस्य (लोकयुक्ता), रीवा-सम्बद्धः आसीत्। मूल प्रकरणमें विशेष न्यायालय द्वारा प्रखण्ड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह तिवारी तथा सहायक तृतीय श्रेणी विनय श्रीवास्तव को भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्त किया गया था। लोकायुक्तेन अस्य निर्णयस्य आव्हानं कर्तुं उच्चन्यायालये अपीलं कृतम्, परन्तु निर्धारितसमयसीमायाः समाप्तेः अनन्तरं दाखिलीकरणं जातम्। विलम्बस्य क्षमायाचनां कृते पृथक् आवेदनपत्रं प्रदत्तम् आसीत्।

विशेषन्यायालयस्य निर्दोषनिर्णयस्य चुनौती भ्रष्टाचारस्य आरोपात् अस्य प्रकरणस्य उत्पत्तिः अभवत्। विशेषन्यायालयस्य समक्षं श्रवणस्य अनन्तरं अभियुक्तौ निदोषौ अभवताम्। तदनन्तरं अभियोजनपक्षेण उच्चन्यायालये अस्य निर्णयस्य आव्हानं कर्तुं निर्णयः कृतः। लोकायुक्तेन अपीलस्य दाखिलीकरणस्य प्रक्रियायां पर्याप्तं समयः अभवत्। यावत् अपीलं उच्चन्यायालयं प्राप्तवती तावत् ४३० दिवसानां विलम्बः पूर्वमेव अभवत्। फलतः न्यायालयेन प्रथमं निर्धारितव्यं यत् एतस्य विलम्बस्य अनुमोदनार्थं प्रदत्तानि कारणानि पर्याप्ताः सन्तोषजनकाः च सन्ति वा इति।

अभियुक्तानां प्रतिनिधित्वेन अधिवक्ता रोहितशर्मा, राहुलमिश्रः च न्यायालयस्य समक्षं स्वतर्कं प्रस्तुतवन्तौ, विलम्बस्य विषये आक्षेपान् उत्थापितवन्तौ। तेषां तर्कः आसीत् यत् सर्वकारीयस्तरस्य विलम्बस्य भारः अभियुक्तस्य उपरि न स्थापयितुं शक्यते, यः पूर्वमेव सक्षमविशेषन्यायालयेन निर्दोषः अभवत्

आधिकारिक अनुमोदनार्थं सञ्चिका प्रसारिता विलम्बस्य कारणं व्याख्याय लोकायुक्तेन उक्तं यत् अपीलं दातुं अनुमतिसम्बद्धा सञ्चिका विभिन्नाधिकारिभिः कार्यालयैः च प्रेषिता। अस्मिन् प्रक्रियायां जिला अभियोजनाधिकारी, पुलिस अधीक्षकः, अतिरिक्तपुलिसमहानिदेशकः, विधिविभागः, महाधिवक्ता कार्यालयः च सम्मिलिताः आसन् लोकायुक्तेन अपि उक्तं यत् कानूनीमतं प्राप्तुं आवश्यकविभागीयानुमोदनानि च प्राप्तुं समयः व्ययते। अस्याः प्रशासनिकप्रक्रियायाः कारणेन एव निर्धारितसमये अपीलं दातुं न शक्यते स्म। परन्तु उच्चन्यायालयः एतेन व्याख्यानेन सन्तुष्टः नासीत्। विभागीयस्तरस्य दीर्घकालं यावत् सञ्चिकासंसाधनकालस्य तथ्यमात्रं ४३० दिवसविलम्बस्य पर्याप्तकारणं न गणयितुं शक्यते इति न्यायालयेन उक्तम्। डेस्कयोः मध्ये सञ्चिकायाः गतिः पर्याप्तं कारणं नास्ति उच्चन्यायालयेन सर्वकारीयप्रक्रियागतकार्यप्रवाहस्य वैधानिकसमयसीमायाः च भेदस्य उपरि बलं दत्तम्। यद्यपि प्रकरणसञ्चिका सर्वकारीयविभागानाम् अन्तः विविधस्तरं गन्तुं शक्नोति तथापि केवलं अस्मिन् आधारेण वैधानिकसमयसीमा अनिश्चितकालं यावत् विस्तारयितुं न शक्यते। न्यायालयस्य वृत्तेः मूलसन्देशः आसीत् यत् सर्वकारीययन्त्राणां आन्तरिकप्रक्रियाः स्वयमेव व्यक्तिस्य कानूनी अधिकारान् अतिक्रमितुं न शक्नुवन्ति। यदि निर्धारितकालान्तरे अपीलं दातव्यं भवति तर्हि सम्बन्धितविभागेन तां समयसीमा मनसि कृत्वा स्वस्य प्रशासनिकप्रक्रियाः सम्पन्नाः भवेयुः।

एकदा स्वामित्वदस्तावेजाः

सज्जीकृताः भवन्ति तदा सम्पत्तिस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

अत्र असंख्यानि सम्पत्तिः सन्ति येषां व्यक्तिभिः वर्षाणां यावत् कब्जाः कृतः परन्तु येषां स्वामित्वं सिद्धयितुं तेषां स्पष्टदस्तावेजानां अभावः अस्ति। एकदा स्वामित्वदस्तावेजाः सज्जीकृताः भवन्ति तदा सम्पत्तिस्य, तस्य स्वामिनः, तत्सम्बद्धानां अभिलेखानां च परिचयः अधिकव्यवस्थितरूपेण व्यवस्थितः कर्तुं शक्यते। एतेन सम्पत्तिव्यवहारस्य, परिवारस्य उत्तराधिकारस्य विषयेषु, अन्येषां प्रशासनिककार्यस्य च दस्तावेजात्मकः आधारः प्राप्यते इति अपेक्षा अस्ति। योजनायाः विस्तृतव्याप्तिम् अवलोक्य राज्यसर्वकारेण अस्याः प्रक्रियायाः महत्त्वपूर्णं उत्तरदायित्वं तृणमूलस्तरस्य कार्यं कुर्वतां पटवारिणां कृते न्यस्तम् अस्ति। क्षेत्रस्तरीय प्रक्रिया 22,000 पटवारी द्वारा निष्पादित होनी १३ अगस्तदिनाङ्कस्य सर्वकारीय-आदेशस्य अनुसारं स्वामीत्वयोजना-सम्बद्धकार्यं कर्तुं राज्ये प्रायः २२,००० पटवारी-जनाः कार्यकारी-अधिकारिणः इति नियुक्ताः सन्ति निजीसम्पत्त्याः अभिलेखानां स्वामित्वदस्तावेजानां च निर्माणप्रक्रियायां तेषां दायित्वनिर्वहणं करणीयम् भविष्यति। पटवारी क्षेत्रस्तरीय राजस्वप्रशासनव्यवस्थायाः महत्त्वपूर्णः भागः अस्ति। ग्रामेषु भूमि-राजस्व-अभिलेखैः सह सम्बद्धानां कर्तव्यानां कारणात् तेषां कृते स्थानीयस्तरस्य सम्पत्ति-सम्बन्धि-पक्षयोः विषये सूचनानां

एसआईआर विवादः सर्वोच्च न्यायालयस्य निरीक्षणेन सह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

एसआईआर विवादः सर्वोच्चन्यायालयस्य निरीक्षणेन सह अपि सम्बद्धः अस्ति एसआईआर-अभ्यासस्य समये चिह्नितानां तार्किकविसंगतानां आधारेण दिल्लीनगरे सूचनानिर्गमनप्रक्रियायाः विषये सर्वोच्चन्यायालये अपि प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। अद्यतनकाले न्यायालयेन निर्वाचनआयोगात् अस्य वर्गीकरणस्य विषये, एतादृशसूचनानां निर्गमनस्य आधाराणां विषये च स्पष्टीकरणं याचितम्। यद्यपि न्यायालयस्य कार्यवाही आयोगस्य प्रशासनिकघोषणा च पृथक पृथक प्रक्रियाणां प्रतिनिधित्वं कुर्वन्ति तथापि द्वयोः अपि एतत् रेखांकनं भवति यत् सूचनानां निर्गमनं, सत्यापनप्रक्रिया, नागरिकानां प्रतिक्रियायाः अवसरस्य।

राशिफल

मेष : आज सिंगल लोगों की लाइफ में किसी नए शख्स की एंट्री होने की संभावना है। करियर में बैलेंस मेंटेन करके चलें।

वृषभ : आज गुस्से को काबू में रखना ही बेहतर रहेगा। परिवार के किसी सदस्य की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है।

मिथुन : काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। काम का प्रेशर ज्यादा फील हो तो कुछ देर के लिए ब्रेक लें।

कर्क : आज अपनी फाइनेंशियल सिचुएशन पर फोकस करें। आज के दिन आपको सेल्फ लव पर फोकस करना चाहिए।

सिंह : आज आपका दिन खास रहने वाला है। शाम में अपने लवर के साथ अच्छा टाइम स्पेंड करेंगे।

कन्या : आज करियर तौर पर मोटिवेटेड और प्रोडक्टिव फील करेंगे। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की जरूरत है।

तुला : आज आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और धन लाभ भी होगा। वहीं, खर्च की अधिकता भी रहेगी।

वृश्चिक : आपको ट्रैवल या ड्राइव करते समय सावधान रहना चाहिए। ऑफिस में लोग आपकी मेहनत और प्रयासों की तारीफ करेंगे।

धनु : कॉन्फिडेंट रहेंगे आज। लव के मामले में पार्टनर को टाइम देना जरूरी है। आज जंक फूड्स को नो कहें।

मकर : आज सेहत अच्छी रहेगी लेकिन बाहर का खाना खाने से बचें। आज का दिन आपके लिए लाभकारी साबित होगा।

कुंभ : आज का आपका दिन फायदेमंद माना जा रहा है। करियर में आपको अपने बॉस का साथ मिलेगा।

मीन : आज आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। जल्दबाजी में खर्च करने के बजाय सोच समझकर प्लान करना चाहिए।

ज्योतिष/वास्तु

कलात्मक राजयोगः 11 अक्टूबर को चंद्र-शुक्र का कलात्मक योग, इन 3 राशियों की आर्थिक स्थिति होगी मजबूत

ज्योतिषीय गणना के अनुसार 11 अक्टूबर 2026 को चंद्रमा और शुक्र की युति से कलात्मक योग बनेगा। इस संयोग का प्रभाव सभी राशियों पर अलग-अलग पड़ सकता है।

वैदिक ज्योतिष में चंद्रमा को मन और भावनाओं का कारक माना जाता है, जबकि शुक्र को धन, सुख-सुविधा, कला और वैभव से जोड़ा जाता है। दोनों ग्रह जब एक ही राशि में आते हैं तो ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इसका प्रभाव व्यक्ति के जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों पर पड़ सकता है। 11 अक्तूबर 2026 को चंद्रमा तुला राशि में प्रवेश करेंगे और यहां पहले से मौजूद शुक्र के साथ युति बनाएंगे। ज्योतिषीय गणना के मुताबिक, चंद्रमा 11 अक्तूबर को सुबह 11 बजकर 5 मिनट पर तुला राशि में प्रवेश करेंगे। यहां चंद्रमा और शुक्र की युति से कलात्मक योग बनेगा। यह योग 13 अक्तूबर को शाम 7 बजकर 12 मिनट तक रहेगा। इसके बाद चंद्रमा वृश्चिक राशि में प्रवेश कर जाएंगे। चंद्र राशि के आधार पर देखें तो इस अवधि का प्रभाव खास तौर पर मेष, तुला और कुंभ राशि के जातकों के लिए महत्वपूर्ण रह सकता है।

कैसे बनता है कलात्मक योग- ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, जब चंद्रमा और शुक्र की एक ही राशि में युति होती है, तो इसे कलात्मक योग कहा जाता है। चंद्रमा मन और भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि शुक्र कला, सौंदर्य, प्रेम और भौतिक सुखों से संबंधित ग्रह माने जाते हैं। इसलिए इस योग को रचनात्मकता, आकर्षण और सुख-सुविधाओं से जोड़कर देखा जाता है। हालांकि, किसी व्यक्ति पर



इसका वास्तविक प्रभाव उसकी जन्मकुंडली और ग्रहों की स्थिति के अनुसार अलग हो सकता है।

मेष राशि- मेष राशि के जातकों के लिए चंद्र-शुक्र का यह संयोग रिश्तों और करियर से जुड़े मामलों में सकारात्मक अनुभव दे सकता है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर सहयोग और नए अवसर मिल सकते हैं। साझेदारी में कारोबार करने वाले लोगों के लिए भी समय महत्वपूर्ण रह सकता है। निवेश या व्यापार से जुड़े फैसलों में लाभ की संभावना बन सकती है, हालांकि किसी भी आर्थिक निर्णय से पहले परिस्थितियों का आकलन करना जरूरी होगा। निजी जीवन में भी आपसी समझ और सामंजस्य बेहतर हो सकता है।

तुला राशि- तुला राशि में ही चंद्रमा और शुक्र की युति बनने जा रही है, इसलिए इस राशि के जातकों के लिए यह गोचर विशेष महत्व रखता है। व्यक्तित्व में आत्मविश्वास और आकर्षण बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी बात को महत्व मिलने के साथ मान-सम्मान में भी वृद्धि के संकेत हैं। कला, संगीत, लेखन, फैशन या रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक मामलों में भी स्थिति बेहतर होने की संभावना है।

कुंभ राशि- कुंभ राशि के जातकों के लिए चंद्र-शुक्र का कलात्मक योग भाग्य और करियर के लिहाज से अहम रह सकता है। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारी या बेहतर भूमिका मिलने के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार से जुड़े जातकों के लिए नए संपर्क और मुनाफे के मौके बन सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने के अवसर मिलेंगे और घर का माहौल भी सकारात्मक रह सकता है। वाहन या सुख-सुविधाओं से जुड़ी कोई इच्छा पूरी होने की संभावना भी बन सकती है।

वनडे वर्ल्ड कप 2027 : 2 अक्टूबर से 21 नवंबर तक खेला जाएगा

भारत-पाकिस्तान 10 अक्टूबर को भिड़ेंगे

3 बार आमने-सामने आ सकते हैं, विश्वकप में भारत ने हर बार पाकिस्तान को हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारत और पाकिस्तान 2027 वनडे वर्ल्ड कप में 10 अक्टूबर को आमने-सामने होंगे। दोनों टीमें एक ही ग्रुप में हैं। टूर्नामेंट के दौरान दोनों के बीच 3 बार मुकाबला हो सकता है। आईसीसी ने गुरुवार को वनडे वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी किया। टूर्नामेंट 2 अक्टूबर से 21 नवंबर तक खेला जाएगा। वर्ल्ड कप में पहली बार 14 टीमें हिस्सा लेंगी और 57 मैच खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट का 14वां एडीशन होगा। मुकाबले 12 वेन्यू पर होंगे। मेजबानी साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे।

पाकिस्तान वनडे वर्ल्ड कप में भारत को कभी हरा नहीं पाया है। दोनों टीमें 8 बार आमने-सामने हुई है। ओवरऑल क्ठउ इवेंट्स वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी मिलाकर भारत और पाकिस्तान के बीच 23 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें भारत 19 बार जीता है।

भारत का पहला मैच 2023 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से- भारत पहला मैच 7 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केप टाउन में खेलेगा। टीम को 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने ही हराया था।

ग्रुप-अ में भारत, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया- ग्रुप-अ में भारत और पाकिस्तान को एक साथ रखा गया है। ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और मेजबान जिम्बाब्वे भी इसी ग्रुप में हैं। ग्रुप-इ में इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड हैं। दोनों ग्रुप्स में एक-एक टीम क्वालिफायर मुकाबलों से आएगी।

भारत-पाकिस्तान 3 बार भिड़ सकते हैं- नए फॉर्मेट से भारत और पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में 3 बार आमने-सामने हो सकते हैं।

पहला मुकाबला (ग्रुप स्टेज): भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। दोनों के बीच पहला मुकाबला तय हो गया है।

दूसरा मुकाबला (सुपर-7): इस स्टेज में सभी टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी। भारत और पाकिस्तान दोनों इस स्टेज में पहुंचते हैं, तो दोनों के बीच दूसरी बार मुकाबला होगा।

तीसरा मुकाबला (सेमीफाइनल या फाइनल): सुपर-7 की टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। अगर भारत और पाकिस्तान सेमीफाइनल या फाइनल में आमने-सामने आते हैं, तो दोनों की तीसरी भिड़ंत होगी।

नया फॉर्मेट, सुपर सीरीज से शुरूआत होगी

आईसीसी ने 2027 वर्ल्ड कप का फॉर्मेट बदला है। टूर्नामेंट की शुरूआत सुपर सीरीज से होगी, जिसमें रैंकिंग के आधार पर 12वें, 13वें और 14वें स्थान पर रहने वाली तीन टीमें राउंड-रॉबिन खेलेंगी। तीनों में टॉप पर रहने वाली टीम ग्रुप स्टेज में पहुंचेगी। इसके बाद 12 टीमें दो ग्रुप में बंटेंगी। दोनों ग्रुप में 6-6 टीमें होंगी और हर टीम अपने ग्रुप की बाकी पांच टीमों से खेलेगी। इस स्टेज के 30 मैचों के बाद दोनों ग्रुप की टॉप-3 टीमें और चौथे स्थान वाली टीमों में बेहतर रिकॉर्ड वाली टीम सुपर-7 में पहुंचेगी। सुपर-7 में सभी टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी। ग्रुप स्टेज के पॉइंट्स यहां नहीं जुड़ेंगे। इसमें 21 मैच होंगे और पॉइंट्स टेबल की टॉप-4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। नंबर-1 टीम का सामना नंबर-4 से और नंबर-2 टीम का सामना नंबर-3 से होगा। सेमीफाइनल जीतने वाली टीमें फाइनल खेलेंगी। वर्ल्ड कप के लिए 12 वेन्यू तय किए गए हैं। इनमें 8 साउथ अफ्रीका, 3 जिम्बाब्वे और 1 नामीबिया में है। नामीबिया पहली बार पुरुषों के सीनियर वर्ल्ड कप के मैचों की मेजबानी करेगा। साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे इससे पहले 2003 वर्ल्ड कप की मेजबानी कर चुके हैं। 2027 में अफ्रीका में 24 साल बाद वनडे वर्ल्ड कप की वापसी होगी।

भारत-पाकिस्तान में होगा एशियन गेम्स फाइनल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ निशिन

भारत ने श्रीलंका को 124 रन से हराकर एशियन गेम्स के फाइनल में जगह बना ली है। अब शनिवार को गोल्ड के लिए भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह पहला मौका है जब ये दोनों टीमें एशियन गेम्स में क्रिकेट मुकाबले में आमने-सामने होंगी।

भारत ने जापान के निशिन में खेले गए सेमीफाइनल में पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 169 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 9.5 ओवर में 45 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका के 6 बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और अभिषेक शर्मा ने 2-2 विकेट झटके। 3 बल्लेबाज रनआउट हुए। ईशान किशन ने नाबाद 80 रन की पारी खेली। वैभव सूर्यवंशी ने भी 21 गेंदों पर 38 रन बनाए।

भारत ने श्रीलंका पर टी-20 क्रिकेट में अपनी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। पिछली सबसे बड़ी जीत 93 रन की थी, जो 2017 में कटक में मिली थी। पाकिस्तान ने मेंस क्रिकेट के सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। यह मैच बारिश से प्रभावित हुआ। इसे 13-13 ओवर का कर दिया गया था। बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट पर 111 रन बनाए। पाकिस्तान ने 11.3 ओवर में 4 विकेट पर जीत हासिल कर ली। 10वें ओवर में श्रीलंका की पारी 45 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने यह मुकाबला 134 रन से जीत लिया है। 10वें ओवर में भारत ने लगातार तीन विकेट लिए।

महिला टीम ने रिकर्व में पहली बार सोना जीता

भारत को एशियन गेम्स में 11वां गोल्ड



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागोया

भारत ने एशियन गेम्स 2026 में 11वां गोल्ड मेडल जीत लिया है। शुक्रवार को भारतीय महिला टीम ने रिकर्व आर्चरी के फाइनल में साउथ कोरिया को 5-3 से हराया। इस टीम में अंकिता भगत, कीर्ति और कुमकुम शामिल रही। इंडिया को मौजूदा एडिशन में तीरंदाजी में चौथा गोल्ड मिला है। उसने कंपाउंड टीम इवेंट के तीनों गोल्ड जीते हैं। थोड़ी देर में मिक्स्ड रिकर्व और मेंस रिकर्व टीम के मुकाबले भी होंगे। गेम्स के 13वें दिन भारत मेडल टैली के 7वें स्थान पर है। उसके पास 67 मेडल हैं। इनमें 11 गोल्ड, 23 सिल्वर और 33 ब्रॉन्ज शामिल हैं।

भारत की कशिश मलिक ताइक्वांडो के मिक्स्ड इंडिविजुअल्स वर्चुअल इवेंट का क्वार्टर फाइनल हार गई हैं। उन्हें कजाकिस्तान की रीता बाकिशेवा ने 2-1 से हराया। इससे पहले कशिश ने हॉन्ग कॉन्ग की खिलाड़ी को हराया। भारत के राहुल रजत पुरुषों की 125किग्रा वेट कैटेगरी के राउंड ऑफ 16 में कजाकिस्तान के पहलवान येदिगे कासिमबेक से हार गए हैं। उन्हें कासिमबेक ने 3-8 से हराया। थोड़ी देर में मेंस 65किग्रा में सुजीत का मैच अफगानी पहलवान से होगा।

कीर्ति शर्मा, 20 सालहरियाणा की कीर्ति हजारीबाग में ट्रेनिंग करती हैं। उन्होंने 2019-20 में स्कूल से तीरंदाजी की शुरूआत की। कोरोना में ट्रेनिंग बंद हो गई। उसके बाद वापसी की। 2022 में एसएआई से जुड़ीं। नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट और सिलेक्शन ट्रायल में दमदार प्रदर्शन से भारतीय रिकर्व टीम में जगह बनाई। अंकिता भकत, 28 सालकोलकाता में जन्मी अंकिता टाटा आर्चरी एकेडमी, जमशेदपुर में ट्रेनिंग करती हैं। उन्होंने 2014 में करियर की शुरूआत की और 2016 एशिया कप से इंटरनेशनल डेब्यू किया।

खबर एक नजर...

रूस्तम अवार्ड से सम्मानित होगें एसआई चौहान

उज्जैन। मध्यप्रदेश गृह विभाग की ओर से पुलिस विभाग में पदस्थ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा के लिये केएफ रूस्तम अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। यह एक प्रतिष्ठि सम्मान है। इस बार वर्ष 2024-25 के लिये प्रदेश के 31 पुलिस कर्मियों का चयन किया गया है। जिन्हें परम विशिष्ठ, अतिविशिष्ठ और विशिष्ठ श्रेणी में सम्मानित किया जायेगा। उज्जैन से महाकाल थाने में पदस्थ एसआई चंद्रभानसिंह चौहान का चयन हुआ है। केएफ रूस्तम अवार्ड में चौहान को 50 हजार रुपए और प्रमाण पत्र दिया जायेगा। अवार्ड पाने वालों में भोपाल एटीएस में पदस्थ एसआई रामविलास हुंडा को रिवाल्वर, जावरा में पदस्थ एसआई रघुवीर जोशी, बालाघाट में पदस्थ प्रधान आरक्षक अब्दुल खालिद कुरैशी, भोपाल एटीएस के प्रधान आरक्षक ताराचंद्र शुक्ला, खंडवा एटीएस आरक्षक पंकज सिंहा और भोपाल एटीएस मुख्यालय में पदस्थ आरक्षक अक्षयसिंह को अवार्ड के रूप में 12 बोर की गन के साथ प्रमाण पत्र दिया जायेगा। 25 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को विशिष्ठ अवार्ड के रूप में नगद राशि के साथ प्रमाण पत्र सौंपा जायेगा। उज्जैन से चयनित एसआई चौहान को पूर्व में राष्ट्रपति पदक, गृह विभाग के विशिष्ठ पदक, कोराना पदक सहित 8 से अधिक अवार्ड मिल चुके है।

दो डबल मर्डर के 2 आरोपियों को भेजा गया जेल

उज्जैन। नीलगंगा और चिमनगंज थाना क्षेत्र में जुलाई और अगस्त माह के दौरान हुये 2 डबल मर्डर मामले में फरार चल रहे 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। नीलगंगा चौराहा पर 18 जुलाई को गोरकर भाईयों की हत्या में ढाई माह से फरार चल रहे आरोपी नितेश उर्फ खलनायक को बालाजी परिसर से बुधवार शाम पकड़ा गया था। पुलिस से बचने के प्रयास में वह घायल हुआ था। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। वहीं 26 अगस्त की रात चिमनगंज थाना क्षेत्र के कानीपुरा मार्ग ढाबे पर हुये डबल मर्डर में फरार इनामी आरोपियों सोनू बंजारा और विशाल सांडिया ने सरेंडर किया था। सोनू बंजारा की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं विशाल को पुलिस ने रिमांड पर लिया था। पूछताछ पूरी और चाकू बरामद होने पर उसे भी कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया। सोनू बंजारा की अस्पताल से छुट्टी होने पर गिरफ्तारी की जायेगी।

तलवार से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्त से दूर

उज्जैन। पंवासा थाना क्षेत्र के शीतला माता मंदिर के पास बुधवार रात शंकरलाल पिता पर्वतलाल बगडावत 45 साल पर तलवार से कान्हा उर्फ मुकेश मालवीय ने हमला कर दिया था। शंकरलाल को सिर में गंभीर चोंट लगी थी। जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। पंवासा थाना पुलिस ने जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर आरोपी कान्हा उर्फ मुकेश की तलाश शुरू की थी, लेकिन गुरूवार शाम तक आरोपी पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सका था। हमला पुराने विवाद में होना सामने आया था। एसआई नितेश मिठौरे ने बताया कि आरोपी पंवासा क्षेत्र का रहने वाला है। उसके परिजनों से पूछताछ कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

तोलकांटे के पास नाले में मिली लाश

उज्जैन। पंवासा थाना क्षेत्र के महावीर तोलकांटे के पास गुरूवार सुबह नाले से एक व्यक्ति की लाश पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद की है। मृतक के पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा है। आशंका जताई कि है कि मृतक मजदूर हो सकता है और शराब के नशे में गिरा होगा। पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि उसके परिजनों की जानकारी जुटाई जा रही है। शुक्रवार शाम तक परिजनों का पता नहीं चलने पर पोस्टमार्टम कराकर शव को दफनाया जायेगा।

दुर्घटना में घायल पेंटर की निजी अस्पताल में मौत

उज्जैन। देवास की जीवाजी कालोनी में रहने वाला मेहरबान पिता जगदीश यादव 2 दिन पहले विजयागंजमंडी स्थित ग्राम जलालखेड़ी में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था। परिजन उसे उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे, निजी अस्पातल में गुरूवार तड़के मेहरबान की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि मेहरबान पेंटरी का काम करता था और विजयागंज मंडी से वापस लौट रहा था, उसे चार पहिया वाहन ने टक्कर मारी थी। माधवनगर पुलिस के अनुसार मामले की जांच विजयागंजमंडी थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

सोयाबीन बेचने से मना किया तो पिता को मारी कुल्हाड़ी

उज्जैन। माकडोन के ग्राम खोकरिया में रहने वाले जसवंत पिता गोकुलसिंह चौहान 52 साल ने कटाई के बाद सोयाबीन घर में रखी थी। जिसे पुत्र बेचने पर अड़ा हुआ था। पिता ने सोयाबीन बेचने से मना किया तो पुत्र ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर घर से भाग निकला। घायल जसवंत की शिकायत पर पुलिस ने पुत्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मारपीट का दूसरा मामला माकडोन के ग्राम उमराझर में हुआ। भंवरसिंह गुर्जर का पुत्र ढाबे पर काम करता है। भंवरसिंह ने पुत्र को ढाबे पर काम करने से मना किया। इस बात का पता पुत्र के साथ काम करने वाले का चला तो उसने भंवरसिंह पर घर में घुसकर लाठी से हमला कर दिया। उक्त मामले में भी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

दिन	147-2	134-8
मेन बाजार	346-3	348-5
मिलन डे	133-7	225-9
मिलन नाइट	127-0	158-4

5 7 9

-2027 के नगरीय चुनाव से पूर्व शहरी सीमाएं और वार्ड बदलने की तैयारी, 31 तक मांगे प्रस्ताव

उज्जैन नगर निगम क्षेत्र में 6 से अधिक वार्ड बढ़ने की संभावना

बढ़ते शहरीकरण से नए क्षेत्र जोड़ने, हटाने और नए निकाय गठन पर भी देना होगी जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

2027 में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव से पहले शहरों की सीमाओं, वार्डों की संख्या और परिसीमन में बदलाव की प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो गई है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 28 सितंबर को प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर नगरीय क्षेत्रों की सीमावृद्धि, वार्डों की संख्या, वार्ड परिसीमन और आरक्षण आरक्षण से संबंधित प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत उज्जैन नगर निगम में बढते शहरीकरण के तहत 6 वार्ड बढ़ने की संभावना बन रही है।

स्थानीय स्तर पर बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए नगरीय निकाय की सीमा बढ़ाने की जरूरत होने पर प्रस्ताव तैयार करने के साथ किसी क्षेत्र को नगरीय सीमा में शामिल या बाहर करने तथा नए नगरीय निकाय के गठन की आवश्यकता संबंधी जानकारी भी मांगी गई



है। सभी आवश्यक अभिलेख और जानकारी के साथ स्पष्ट प्रस्ताव 31 अक्टूबर तक आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास को भेजना होगा। इधर जिला शहरी विकास अभिकरण इस जानकारी से अंजान है। उसके प्राधिकृत अधिकारी इसकी जानकारी से अनभिज्ञता जता रहे हैं।

उज्जैन में 6 वार्ड बढ़ने की संभावना

उज्जैन के बढ़ते शहरी को देखते हुए यहां पूर्व से ही 6 वार्ड बढ़ने की संभावना तो बनी ही हुई है। इसे लेकर वर्ष 2018 में भी प्रस्ताव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजा गया था। जिला शहरी विकास अभिकरण की और से इसके बाद भी जानकारियों की मांग पर प्रस्ताव भेजे गए है। पिछले 8 वर्षों में इसके बाद भी बढ़ते शहरीकरण में कालोनियों का फैलाव होता रहा है। बराबर इंदौर रोड, बड़नगर बायपास रोड के साथ ही देवास रोड एवं तराना कानीपुरा रोड के साथ मक्सी रोड एवं आगर रोड के ग्राम पंचायतों तक कालोनियों का फैलाव हुआ है। बड़नगर रोड पर भी यही हाल हुए हैं। ऐसे में सामान्य रूप से ही 6 वार्डों के बढ़ने की प्रारंभिक स्थिति ही सामने है। इसके उपरांत बढ़ते शहरीकरण को संज्ञान में लेकर अगर सर्वे के आधार पर कार्रवाई होती है तो वैसे 10-12 नए वार्ड की स्थिति बनना तय है। आसपास की कई ग्राम पंचायतों को उज्जैन नगर निगम में शामिल करने की स्थिति निर्मित हो चुकी है।

क्षेत्र को शामिल करने और हटाने को लेकर बनेंगे प्रस्ताव- शासन के आदेश में मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 और मध्यप्रदेश नगरपालिका निगम अधिनियम 1956 की संबंधित धाराओं का उल्लेख किया गया है। इसमें नगरीय क्षेत्र की सीमाओं के भीतर किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र को शामिल करने या अपवर्जित करने के प्रावधानों के तहत प्रस्ताव तैयार करने की बात कही गई है। साथ ही नगरपालिका और नगर निगमों में वार्डों की संख्या तथा क्षेत्र के निर्धारण और वार्डों के परिसीमन से संबंधित प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि स्थानीय स्तर पर बढ़ते शहरीकरण के फलस्वरूप यदि किसी नगरीय निकाय की सीमावृद्धि की आवश्यकता महसूस होती है तो प्रस्ताव तैयार किया जाए। इसी तरह किसी क्षेत्र को नगरीय निकाय की सीमा में शामिल करने या बाहर करने अथवा नए नगरीय निकाय के गठन की आवश्यकता होने पर उससे संबंधित आवश्यक अभिलेख और जानकारी भी प्रस्ताव में शामिल करना होंगे।

बदलेगी प्रक्रिया से तस्वीर

शासन के इस निर्देश से आगामी नगरीय चुनाव के पहले निकायों की मौजूदा सीमा और वार्ड संरचना की समीक्षा की प्रक्रिया शुरू होगी। हालांकि अभी उज्जैन नगर निगम की सीमा बढ़ाने, किसी क्षेत्र को शामिल करने या वार्डों की संख्या बदलने का प्रस्ताव तय नहीं हुआ है। यह प्रक्रिया कलेक्टर स्तर से प्रस्ताव तैयार होने के बाद आगे बढ़ेगी। प्रस्तावों में में सीमावृद्धि के साथ वार्ड परिसीमन और आरक्षण से संबंधित जानकारी भी शामिल की जानी है। इसलिए स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले प्रस्ताव आगामी चुनाव की प्रशासनिक तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होंगे। विभाग ने कलेक्टर को आवश्यक जानकारी और अभिलेख जुटाकर पूर्ण एवं स्पष्ट प्रस्ताव निर्धारित समय-सीमा में भेजने को कहा है। आदेश की प्रतियां राज्य निर्वाचन आयोग, नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त, संभागीय आयुक्तों तथा संबंधित नगरीय निकायों को भी भेजी गई हैं।

शादी के 9 माह बाद चरित्रशंका में तलवार से किया था हमला

आजीवन कैद में रहेगा पत्नी की हत्या करने वाला पति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शादी के 9 माह बाद चरित्रशंका में पत्नी की तलवार से हमला कर हत्या करने वाले पति को न्यायालय ने आजीवन कैद में रखने की सजा सुनाई है। आरोपी ने हत्या के बाद खुद पुलिस को सूचना दी थी।

उप-निदेशक (अभियोजन) राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर ने बताया कि 25 नवम्बर 2024 को घट्टिया थाना पुलिस को शिवानी उर्फ मंजू की हत्या करने की मौखिक सूचना पति जगदीश पिता बिहारीलाल भारती जाति बंजारा 50 साल निवासी ग्राम दुर्गा कॉलोनी द्वारा दी गई थी। जगदीश ने बताया था कि रात 2 बजे उसने अपनी पत्नी मंजू की चरित्र शंका को लेकर तुलाहेड़ा रोड़ स्थित अपने मकान में तलवार से वार करके हत्या कर दी है। जगदीश की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। मामले में पुलिस ने मृतिका के भाई शुभम की शिकायत पर जगदीश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया



था। भाई ने बताया था कि उसकी बहन शिवानी उर्फ मंजू की 9 माह दूसरी शादी जगदीश के साथ स्टाम्प पर लिखा-पढ़ी कर हुई थी। शादी के कुछ समय तक उसकी बहन को अच्छा रखा, लेकिन उसके बाद बहन पर चरित्रशंका कर जगदीश द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। बहन उसके पास इंदौर में रहने आ गई थी। कुछ दिन पहले वापस तुलाहेड़ा लौटी थी। जिसका घटना से एक दिन पहले रात में कॉल आया था और बताया कि तेरे जीजा बहुत परेशान कर रहे हैं, वह मुझे मार डालेगा। उसने बहन को सुबह आकर ले जाने की बात कहीं थी। लेकिन सुबह पता चला कि रात में जीजा ने बहन का मार डाला। पुलिस ने मामले में जगदीश के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया था। उपनिदेशक अभियोजन के अनुसार मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश राकेश बंसल द्वारा फैसला सुनाते हुये आरोपी जगदीश भारती को हत्या की धारा में आजीवन कैद में रखने के साथ 50 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक नितेश कृष्णन द्वारा की गई।

दुष्कर्मी को भी मिला आजीवन कारावास

उप-निदेशक (अभियोजन) राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर ने बताया कि विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम और तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश सनोडिया द्वारा आरोपी मनोहरलाल उर्फ लालसिंह पिता गोवर्धन वर्तमान आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम ब्राम्हणखेडा थाना महिदपुर रोड को धारा 363 भादवि में 3 वर्ष, 366 भादवि 5 वर्ष व 5 एल/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष, 5(जे)/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष कठोर कारावास के 3(1)(डब्लू)(एल) एस.सी/एसटी. एक्ट में 02 वर्ष, धारा 3(2)(पांच) एस.सी/एस.टी. एक्ट में आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुये 19 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामला 17 जून 2025 का है। नाबालिग के लापता होने पर परिजनों ने अज्ञात युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने तलाश के बाद नाबालिग को गुजरात के मोरबी से दस्तयाब किया था। इस दौरान सामने आया था कि आरोपी ने नाबालिग के साथ बार-बार दुष्कर्म किया था। जिसके चलते वह गर्भवती हो गई थी। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कमलसिंह गोयल विशेष लोक अभियोजक महिदपुर द्वारा की गई।

एक्टिवा सवार को पीछे से आये वाहन ने कुचला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगररोड पर बुधवार-गुरूवार रात डेढ़ बजे सड़क दुर्घटना में एक्टिवा सवार की मौत हो गई। दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें पीछे से आये चार पहिया वाहन ने एक्टिवा को टक्कर मारी और कुछ दूर तक रौंदा हुआ ले गया। पुलिस को वाहन का नम्बर मिला है, चालक की तलाश की जा रही है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि रात डेढ़ बजे गाडी अड्डा चौराहा और नगर निगम के बीच हुई दुर्घटना में अशोक नगर के रहने वाले अतुल पिता राजेंद्र अमृत फुले 25 साल की मौत हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। अतुल की मौत हो चुकी थी, उसे चरक अस्पताल भेजा गया एक्टिवा नम्बर और उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई और मामले में मर्ग कायम किया गया। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम से पहले दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें सामने आया कि अतुल की एक्टिवा को पीछे से आये वाहन ने कुचला है। वह टक्कर मारने के बाद एक्टिवा को रौंदा हुआ कुछ दूरी तक पहुंचा था। उसके बाद चालक ने अपना वाहन पीछे लिया और भाग निकला। फुटेज के आधार पर पुलिस को वाहन का नम्बर एमपी 09 एचजी 0830 मिला है। जिसके माध्यम से वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इधर पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि अतुल ट्रेवल्स एजेंसी पर काम करता था। रात में वह इंदिरानगर दोस्त से मिलने गया था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

फंदा बनाकर हलवाई ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हलवाई का काम करने वाले शराबी ने बुधवार रात चादर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पत्नी और बेटा घर लौटे तो घटना का पता चला। माधवनगर थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

दमदामा क्षेत्र में रहने वाला राजू पिता रामसिंह सिकरवार 40 साल ने रात में चादर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। गुरूवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में माधवनगर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि मृतक हलवाई का काम करता था और शराब पीने का आदी था। शाम को पत्नी रीता और बेटा कपिल बाजार गए थे। उसी



दौरान राजू सिकरवार ने फांसी लगाई थी। पत्नी और बेटे के लौटने पर घटना का पता चला। पुलिस के अनुसार फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। परिजनों के बयान दर्ज कर फांसी लगाने के कारणों की जांच शुरू की जायेगी।

मंदिर समिति पुरानी व्यवस्था को नए स्वरूप में वापस लाई

फिर से महाकाल में श्रद्धालुओं को मिलेगा निःशुल्क प्रसाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति श्रद्धालुओं को निःशुल्क प्रसाद की पुरानी व्यवस्था को नए कलेवर में सजा कर एक बार फिर से लाई है। पूर्व में निषेध मार्ग पर तिलक एवं चिरोंजी प्रसाद वितरण की व्यवस्था थी। अब शुक्रवार से दोनों निकासी मार्ग पर श्रद्धालुओं को चना,चिरोंजी और रेवडी का सूखा प्रसाद वितरित किया जाना तय किया गया है।

बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रबंध समिति एक बार फिर से पुरानी व्यवस्था निःशुल्क प्रसाद वितरण पर लौट रही है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूर्ववत अब दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को प्रतिदिन निःशुल्क प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा। मंदिर समिति के अनुसार, यह व्यवस्था शुक्रवार से पूनःशुरू होगी। पूर्व में यह व्यवस्था 2022 तक मंदिर में रही है। तत्कालीन प्रशासक गणेश धाकड के समय इसे विस्तारित कर ओंकारेश्वर के सामने बड के पेड के नीचे प्रसाद,तिलक एवं कलावा बांधने की व्यवस्था को अंजाम दिया गया था।

दर्शन के बाद मंदिर से बाहर निकलने वाले श्रद्धालुओं के लिए दो प्रमुख निकास द्वारों पर प्रसाद वितरण केंद्र बनाए जाएंगे। यहां पैकेट के रूप में सूखा प्रसाद दिया जाएगा। पूर्व व्यवस्था में खुले रूप से चिरोंजी एवं मूंगफली के दाने का प्रसाद देते हुए तिलक लगाया जाता था अब नई व्यवस्था में पैकेट में प्रसाद दिया जाएगा , अब भी श्रद्धालुओं को तिलक के लिए बाहर घुमने वालों के भरोसे रहना होगा। प्रसाद के पैकेट में चने, चिरौंजी और रेवड़ी शामिल होंगे। पैकेट में प्रसाद दिए जाने से श्रद्धालु इसे आसानी से अपने साथ ले जा सकेंगे। मंदिर समिति के मुताबिक, प्रतिदिन सुबह पूजा-अर्चना और भगवान महाकालेश्वर को नैवेद्य एवं भोग अर्पित करने के बाद प्रसाद वितरण की प्रक्रिया शुरू होगी।

बंजारा समाज का पुलिस कंट्रोलरूम पर प्रदर्शन

दोहरे हत्यकांड से 2 आरोपियों के नाम हटाने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कानीपुरा में करणी सेना के 2 गुटो में हुये विवाद के बाद दोहरा हत्याकांड होना सामने आया था। पुलिस ने आरोपियों में सोनू बंजारा और अनिल बंजारा को भी आरोपी बनाया था। गुरूवार को बंजारा समाज ने पुलिस कंट्रोलरूम पर प्रदर्शन किया और दोनों नाम हटाने की मांग करते हुये सीएसपी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग रखी।


चिमनगंज थाना क्षेत्र के कानीपुरा लक्की दरबार ढाबे पर 26-27 अगस्त की रात करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल दरबार उर्फ विजयप्रताप और जितेन्द्र उर्फ टम्मू पंवार की धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में करणी सेना के पूर्व नगर अध्यक्ष शक्तिसिंह, अर्पित अटल, सोनू बंजारा, अनिल बंजारा, राकेश बानिया और अन्य के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया था। पुलिस 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। 28 अगस्त को हत्या में शामिल सोनू बंजारा और विशाल सांडिया ने चिमनगंज थाने में सरेंडर कर दिया था। सोनू बंजारा की तबीयत बिगड़ गई थी उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरूवार को मामले को लेकर बंजारा समाज पुलिस कंट्रोलरूम पहुंचा और प्रदर्शन करते हुये कहा कि दोहरे हत्याकांड में सोनू बंजारा और अनिल बंजारा शामिल नहीं थे। उन पर दर्ज प्रकरण वापस लिया जाये और निष्पक्ष जांच की जाये। उनकी मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया जाये। समाजजनों ने जांच को लेकर एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक के नाम सीएसपी श्वेता



गुप्ता को सौंपा। सीएसपी ने बताया कि बंजारा समाज के लोगों द्वारा कुछ साक्ष्य बताये है। जिसके आधार पर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

समाजजनों ने लगाया पुलिस पर आरोप

सोनू बंजारा के सरेंडर करने और तबीयत बिगड़ने के बाद बंजारा समाज के लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाया और कहा कि पुलिस द्वारा 50 लाख रुपए की मांग की थी। रुपए नहीं देने पर सोनू के साथ मारपीट की गई है। वहीं आरोपों के बाद सामने आया कि सोनू के खिलाफ तीन पुलिसकर्मियों ने प्रापर्टी में निवेश के नाम पर 50 लाख लेने की शिकायत भी चिमनगंज थाना पुलिस को लिखित में की है। फिलहाल वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com